दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 85 जयपुर, सोमवार, 04 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### RGPV घोटाले में कुलपति समेत पांच पर FIR




**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (RGPV) के 19.48 करोड़ रुपए प्राइवेट अकाउंट में ट्रांसफर किए जाने के मामले में 5 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें यूनिवर्सिटी के तत्कालीन कुलसचिव प्रो. आरएस राजपूत, वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा, कुलपति प्रो. सुनील कुमार, मयंक कुमार (लाभार्थी), दलित संघ सोहागपुर पर 420 समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद यूनिवर्सिटी में धरने पर बैठे एबीवीपी के कार्यकर्ता ने धरना समाप्त कर दिया है। ये कार्रवाई की मांग को लेकर तीन दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले में उच्च स्तरीय समिति से जांच के निर्देश दिए हैं।

### स्कॉर्पियो में लगी आग, युवक जिंदा जला

**जयपुर।** स्कॉर्पियों में आग लगने से एक युवक जिंदा जल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। घटना शनिवार देर रात जयपुर के विद्याधर नगर क्षेत्र में सामुदायिक केंद्र की है। रविवार सुबह लोगों ने जली हुई गाड़ी के अंदर अधजला शव देखकर पुलिस को सूचना दी। विद्याधरनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। मामले में रविवार शाम खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक के भाई आरिफ को गिरफ्तार किया, जिसने बदला लेने के लिए मृतक के सोते वक्त कार में आग लगा दी थी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## नौसेना में 6 मार्च को शामिल होगा समंदर में पनडुब्बी मारने वाला एमएच 60 आर सी-हॉक हेलिकॉप्टर

# रोमियो हेलिकॉप्टर करेगा दुश्मन के दांत खट्टे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना कोच्चि स्थित आईएनएस गरुड़ में नव-आगमित एमएच-60आर सीहॉक बहु-भूमिका वाले हेलिकॉप्टर को शामिल करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह छह मार्च को आईएनएस गरूड़ में शामिल एमएच 60आर सी-हॉक हेलिकॉप्टर को देश को समर्पित करेंगे। इससे नौसेना की ताकत में इजाफा होगा।

सीहॉक स्क्वाड्रन को भारतीय नौसेना में आईएनएएस 334 के रूप में कमीशन किया जाएगा। इस हेलिकॉप्टर को रोमियो हेलिकॉप्टर के नाम से भी बुलाते हैं। ये हेलिकॉप्टर 2020 में अमेरिकी सरकार के साथ हस्ताक्षरित 24 विमानों के एफएमएस अनुबंध का हिस्सा हैं। यह अधिग्रहण भारतीय नौसेना की आधुनिकीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। एमएच-60 आर सीहॉक उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्ध (एएसडब्ल्यू) क्षमताओं से लैस है, जिसमें शक्तिशाली मिशन कम्प्यूटर, डुबकी लगाने वाले सोनार और टॉरपीडो शामिल हैं। ये हेलिकॉप्टर समुद्री गश्त, सशस्त्र एस्कॉर्ट, खोज और बचाव, और चिकित्सा निकासी जैसी भूमिकाओं को भी पूरा करने में सक्षम हैं। इस हेलिकॉप्टर के बेड़े में शामिल होने से भारतीय नौसेना को हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### सबसे आधुनिक हेलिकॉप्टर्स में शुमार

एमएच 60 आर हेलिकॉप्टर्स एक मल्टी मिशन हेलिकॉप्टर है। नौसैन्य तौर पर इसे सबसे आधुनिक हेलिकॉप्टर्स में शुमार किया जाता है। समुद्री सीमा की निगरानी करने, मेरीटाइम गतिविधियों पर नजर रखने और पानी के भीतर के खतरों से निपटने में यह हेलिकॉप्टर बेहद अहम है। नौसेना आईएनएस विक्रांत पर इस हेलिकॉप्टर की सफलतापूर्वक लैंडिग करा चुकी है। इसकी मदद से भारत की हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में स्थिति मजबूत हुई है।



834 किमी मारक क्षमता
689 किलो वजन

यह मल्टीरोल हेलिकॉप्टर आल वेदर हेलिकॉप्टर हैं और इसके नौसेना में शामिल होने से भारत की समुद्री रणनीतिक सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी।

### समुद्री शक्ति और क्षमताओं में होगी बढ़ोतरी: अभिषेक राम

कैप्टन एम अभिषेक राम की कमान के तहत इसे भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। कैप्टन ने कहा कि इन हेलिकॉप्टरों के भारतीय नौसेना में शामिल होने से समुद्री शक्तियों और क्षमताओं में बढ़ोतरी होगी। नए हेलिकॉप्टर की क्षमताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसे दिन और रात के दौरान खोज और बचाव अभियान, चिकित्सा सहायता, युद्ध समेत कई चीजों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसके भारतीय नौसेना में शामिल होने के बाद से क्षमताओं में विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि एमएच 60 आर टॉरपीडो मिसाइल और उन्नत सटीक रॉकेट दागने में भी सक्षम है। एमएच 60 आर के प्रशिक्षित पायलटों में से एक लेफ्टिनेंट कमांडेंट अनीश अयारोटिल ने कहा कि यह सबसे उन्नत हेलिकॉप्टरों में से एक है और सिस्टम पायलट के अनुकूल हैं।

## कैबिनेट मीटिंग में विकसित भारत 2047 के विजन पर मंथन

# PM मोदी की नसीहत... सोच-समझकर बोलें मंत्री

### मोदी के दूसरे कार्यकाल की आखिरी बैठक में अगले 5 साल की योजनाओं पर हुआ मंथन

## पीएम ने मंत्रियों को विवादित बयानबाजी से बचने और ज्यादा बोलने से परहेज करने का दिया सुझाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट में शामिल मंत्रियों के साथ करीब साढ़े ग्यारह घंटे की मैराथन मीटिंग की। मीटिंग सुबह 10 बजे शुरू होकर रात साढ़े नौ बजे तक चली। मीटिंग अध्यक्षता पीएम मोदी ने की। इसमें उन्होंने विकसित भारतः 2047 के विजन पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने अगले पांच सालों के कामों पर मंथन किया। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की आखिरी बैठक है। पीएम ने मीटिंग में मंत्रियों को विवादित बयानबाजी से बचने और ज्यादा बोलने से परहेज करने का सुझाव दिया।



पीएम मोदी ने कहा कि जब भी बोलें, सोच समझकर बोलें। मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों को डीप फेक से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि बोलना है तो सरकार की योजनाओं पर बोले, विवादित बयानों से बचें। पीएम मोदी ने मीटिंग के दौरान कहा कि अपनी कैबिनेट में शामिल राज्यसभा सांसदों को आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने को कहा था।

### 'जून के बजट में विकसित भारत की झलक दिखेगी'

पीएम मोदी ने मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान कहा कि इस साल जून में जो बजट पेश होगा उसमें विकसित भारत की झलक दिखनी चाहिए। भारत 2047 तक एक विकसित देश कैसे बने इसको लेकर सचिवों ने पीएम को पांच प्रजेंटेशन दिखाए। केंद्रीय मंत्रियों अश्विनी वैष्णव, हरदीप सिंह पुरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन मेघवाल और पीयूष गोयल ने प्रजेंटेशन पर अपने सुझाव प्रधानमंत्री मोदी के सामने रखे। भाजपा अपने लोकसभा चुनाव अभियान में केंद्र की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर जोर देने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसे लेकर मंत्रिपरिषद की बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और बीते 5 वर्षों के प्रदर्शन पर चर्चा हुई।

## 20 लाख की रिश्वतखोरी केस

# CBI ने NHAI के दो अफसर समेत 6 को किया अरेस्ट




**एजेंसी** | नई दिल्ली

सीबीआई ने कथित रूप से 20 लाख रुपए की रिश्वतखोरी के मामले में एनएचएआई के जीएम और डीजीएम समेत छह लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें एनएचएआई के जीएम, डीजीएम के अलावा एक निजी कंपनी के दो डायरेक्टर और दो अन्य शामिल हैं।

सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नागपुर में स्थित एनएचएआई, पीआईयू के जीएम और प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद काले शामिल हैं। इनके अलावा एनएचएआई हरदा मध्य प्रदेश के डिप्टी जीएम और प्रोजेक्ट डायरेक्टर ब्रिजेश कुमार साहू, निजी कंपनी के डायरेक्टर अनिल बंसल और कुणाल बंसल शामिल है। इनके अलावा निजी कंपनी के दो अन्य कर्मचारी सी कृष्णा और छतर सिंह लोदी शामिल हैं। सीबीआई ने इनके ठिकानों पर छापेमारी भी की। जहां से एक करोड़ 10 लाख रुपए और अन्य सामान जब्त किया गया। सीबीआई ने बताया कि इस मामले में मिली शिकायत पर उसने एनएचएआई के चार अधिकारियों और भोपाल की एक निजी कंपनी के पांच लोगों समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें कंपनी के दो डायरेक्टर और बाकी कर्मचारी हैं।

## पीएम चुने गए शहबाज शरीफ ने उठाए कई मुद्दे

# पाक ने फिर अलापा कश्मीर राग

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद पीएमएलएन नेता शहबाज शरीफ ने संसद में बयान दिया। एक बार फिर कश्मीर राग अलापते हुए शहबाज शरीफ ने कई वैश्विक मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का मकसद पड़ोसी मुल्कों के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि समानता के आधार पर वे संबंधों को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। प्रमुख देशों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने का वादा करते हुए शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान कभी किसी खेल का हिस्सा नहीं बनेगा। उनकी सरकार दोस्तों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान देगी। सदन के नेता चुने जाने के बाद शहबाज कश्मीर का राग अलापने से भी नहीं चुके। उन्होंने कश्मीर मुद्दे के साथ-साथ पश्चिम एशिया में फिलिस्तीन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान फिलिस्तीन के साथ है।

पेज 10 भी देखें

## गोविंद के दरबार में 'भजन'

*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गोविंददेव जी मंदिर के प्रांगण में बाबा बालकनाथ आश्रम द्वारा आयोजित महामृत्युंजय महायज्ञ के अवसर पर कलश यात्रा में भाग लेने पहुंचे। सीएम ने इस अवसर पर कहा कि यज्ञ का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। यह पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रमुख माध्यम है। इससे यज्ञ करने वाले और उसमें शामिल होने वाले व्यक्ति की आत्मा शुद्ध हो जाती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है।* (विस्तृत समाचार पेज 2 पर)



## किसान आंदोलन की नई रणनीति

# किसान 6 मार्च को करेंगे दिल्ली कूच, 10 को देशभर में रेल रोको आंदोलन

- शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने किया ऐलान
- किसान नेता बोले... दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से पहुंचें दिल्ली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पंजाब के बठिंडा जिले के गांव बल्लों में युवा किसान शुभकरण सिंह का भोग समागम रविवार को हुआ। इसमें देशभर से अलग-अलग किसान संगठनों के नेता पहुंचे।

किसानों ने शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए बड़ा ऐलान किया कि छह मार्च को पंजाब और हरियाणा को छोड़कर देश के बाकी राज्यों के किसान दिल्ली कूच करेंगे। वहीं 10 मार्च को पूरे देश में चार घंटे किसान 'रेल रोको' आंदोलन करेंगे। 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत होगी।



किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली जाने का कार्यक्रम पहले की तरह है। उन्होंने कहा कि सरकार को कैसे घुटनों के बल लाना है, इसके लिए कुछ रणनीति तय की हैं। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब-हरियाणा के शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। 10 मार्च को दोपहर 12 से 4 बजे तक देशभर में ट्रेनें भी रोकी जाएंगी।

पंधेर ने किसान शुभकरण सिंह की अंतिम अरदास के दौरान मंच से इसका ऐलान किया। इस आशय की घोषणा अंबाला शंभू बॉर्डर पर भी की गई। पंधेर ने कहा कि हरियाणा-पंजाब के किसान खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ही आंदोलन चलाएंगे, जबकि देश के बाकी हिस्सों से किसान उस दिन दिल्ली पहुंचेंगे।

### 'पाक-चीन जैसा बॉर्डर बनाया'

किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि आज तक इतिहास में कभी आंदोलन में ड्रोन का इस्तेमाल नहीं किया गया। सरकार ने बाहर से ड्रोन के जरिए आंसू गैस के गोले दागे। हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर सरकार ने पाकिस्तान और चीन बॉर्डर बना दिए। उन बॉर्डरों पर तार होती हैं, लेकिन सरकार ने पंजाब-हरियाणा के बॉर्डर पर दीवारें ही खड़ी कर दीं। भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन बॉर्डर पर भी कानून होते हैं, लेकिन हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर पर कोई कानून नहीं है। केंद्र सरकार ने 70 हजार फोर्स का इस्तेमाल किया।

### SKM 14 मार्च को जाएगा दिल्ली

संयुक्त किसान मोर्चा ने 14 मार्च को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। बैठक के बाद किसान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि वे ट्रैक्टर लेकर नहीं जाएंगे। किसान बसों और ट्रेन के जरिए दिल्ली पहुंचेंगे। जहां रामलीला मैदान पर किसान महापंचायत की जाएगी।

### खनौरी बॉर्डर पर हुई थी शुभकरण की मौत

21 फरवरी को खनौरी बॉर्डर पर पुलिस और किसानों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान गोली लगने से बठिंडा के युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। सरकार ने परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी देने का ऐलान भी कर चुकी है।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस नेता मीणा ने जॉइन की भाजपा... घर वापसी



**जयपुर।** देश के विभिन्न राज्यों की तरह प्रदेश में भी कई नेता भारतीय जनता पार्टी में जा रहे हैं। कांग्रेस नेता मूलचंद मीणा ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली। बता दें, मीणा पूर्व में बीजेपी से कांग्रेस में आए थे। जयपुर के पूर्व जिला प्रमुख मूलचंद मीणा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने उन्हें भाजपा का दुपट्टा ओढ़ाकर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर बीजेपी जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी और प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी भी मौजूद रहे।

### संगणक और सीएचओ (संविदा) भर्ती परीक्षा संपन्न

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा रविवार को संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2023 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) भर्ती परीक्षा-2022 का शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एडीएम (पूर्व) सुमन पंवार ने बताया कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जयपुर शहर के 152 केंद्रों पर आयोजित हुई संगणक भर्ती परीक्षा में 49.05 परीक्षार्थियों ने भाग्य आजमाया। वहीं, दोपहर 3 बजे से 4:30 बजे तक जयपुर शहर के 95 केंद्रों पर आयोजित हुई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (संविदा) भर्ती परीक्षा में 72.98 परीक्षार्थियों ने भाग्य आजमाया।

### टिकट कटने से राहुल कस्वां नाराज!



**बेधड़क. जयपुर।** चूरू से बीजेपी ने इस बार निवर्तमान सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया है। बताया जा रहा है कि टिकट कटने से राहुल कस्वां नाराज हैं। राहुल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया है- राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार। लेकर विश्वास पाकर आपका साथ, देकर हर संकट को मात, ध्येय मार्ग पर बढ़ते जाएंगे, उत्थानों के शिखर चढ़ते जाएंगे। आप संयम रखे। आगामी कुछ दिन बाद आपके बीच उपस्थित रहूंगा। जिसकी सूचना आपको दे दी जाएगी। राहुल कस्वां की पोस्ट से उनकी नाराजगी साफ झलक रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही बड़ा निर्णय ले सकते हैं।

---

**जयपुर शहर जिला कांग्रेस ने राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ दिया धरना और किया प्रदर्शन**

# महंगाई व कमजोर कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा को घेरा

बेधड़क | जयपुर

भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में पेट्रोल डीजल के दाम कम करने व कानून व्यवस्था ठीक करने का वादा कर वोट बटोरने का काम किया और सरकार बनने के 3 माह बाद भी पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं किए उल्टे गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए।

बिगड़ी कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी के नेतृत्व में रविवार 11 से 2 बजे तक जोरावर सिंह गेट के बाहर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ धरना देकर प्रदर्शन किया।



**भाजपा सरकार साबित हो रही फेल: तिवाड़ी**

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आरआर तिवाडी ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर है। तीन 3 महीने में ही बीजेपी सरकार फेल साबित हो रही है। कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। पेट्रोल डीजल के दाम करने के वादे के साथ विधानसभा चुनाव में वोट बटोरने का काम किया और 3 महीने बाद भी पेट्रोल व डीजल के दाम कम नही किया बल्कि गैस के दाम बढ़ा दिए गए कानून व्यवस्था इतनी चौपट हो गई है कि आए दिन महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, गलत खून चढ़ाने से नौजवान की मौत हो जाती है। महिला कांस्टेबल के साथ छेड़छाड़ होती है, डकैती हो रही है, सरेआम गोली चल रही है, हत्याएं हो रही है, लेकिन प्रदेश की सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है।

### हंसी का पात्र बन रही भाजपा सरकार: शर्मा

पूर्व मंत्री बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि आज खादी का हाल देख लीजिए, हर साल गांधी जयंती पर 50% खादी पर छूट दी जाती थी। आज वह छूट नहीं दी जा रही है। साथ ही, सरकार अपने अफसर को बार-बार बदलकर हंसी का पात्र बन रही है। इस मौके पर संगठन महासचिव सीताराम शर्मा नेहरू ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि एक युवती को 15 जगह से गंडासे काटा जाता है। मामला दर्ज करने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और अस्पताल में महिला की हालत गंभीर है।

### ये रहे मौजूद

पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर के दाम कम करने और बिगड़ी कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए किए गए प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष आरआर तिवाडी, पूर्व मंत्री ब्रज किशोर शर्मा, संगठन महासचिव सीताराम शर्मा नेहरू, मंजू शर्मा, असगरअली, मोहम्मद सलीम, मदन सोलंकी, विनय पाल सिंह जादौन, राजेश जाजोरिया, देवाराम राजोरिया, रामेश्वर शर्मा, जगदीश शर्मा, पीडी शर्मा, शैलेश भार्गव, विनय प्रताप भोप, इमरान खान छोटी बेरी, अतुल पारस, बंशीधर शर्मा, मास्टर रियाजुद्दीन रफीक बाबा, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद सेठी, अरुण शर्मा, भरत कुमार, राजीव चौधरी, राजेश गुर्जर, राजकुमार शर्मा, रोहित तिवारी, स्नेह लता भारद्वाज, हिना खान, शीला तिवारी, लाड़ कंवर राव, शाईन खान, भूपेंद्र मीणा, रितेश गोयल, श्याम बिहारी गर्ग, पार्षद वसीम खान, जर्सी लाल माली, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नावेद राजा, राजेंद्र मीणा, सिराजुद्दीन सहित जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी सहित, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कांग्रेसजन शामिल हुए।

---

**विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेगा संकल्प पत्र**

# भाजपा जो वादा करती है उसे पूरा करती है: सीएम शर्मा

**■ आमजन के सुझाव हमारे लिए बेशकीमती: सीपी जोशी**

बेधड़क । जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव के लिए एलईडी रथों की रवानगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर हमने लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से एलईडी रथों को रवाना किया है। जिस प्रकार हमने विधानसभा चुनावों में आम जनता से सुझाव लेकर संकल्प पत्र तैयार किया था और उस संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए हम प्रयासरत हैं। उसी तरह लोकसभा क्षेत्रों में जाकर आमजन के कीमती सुझाव एकत्रित किए जाएंगे और उसमें से अच्छे सुझावों को हम अपने संकल्प पत्र में शामिल करेंगे। शर्मा ने कहा कि हम विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। हमने अपने संकल्प पत्र में सस्ता गैस सिलेंडर देने का वादा किया था और 1 जनवरी से प्रदेश की 73 लाख बहनों को 450 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। हमने आशा सहयोगिनी का मानदेय 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए कहा था और हमने अपने वादे को पूरा करते हुए मानदेय बढ़ाया। इससे पूर्व, विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव के लिए सुझाव पेटिका वाले एलईडी रथों को रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।





**तमाम लोगों के सुझावों से बनेगा संकल्प पत्र: जोशी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने प्रत्येक क्षेत्र में आमजन और विभिन्न प्रकार के संगठनों और संस्थाओं से सुझाव लेकर अपना संकल्प पत्र तैयार किया था। उसी प्रकार से लोकसभा चुनाव 2024 में भी आमजन के सुझाव से विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार हो रहा है। इसकी शुरुआत प्रदेश मुख्यालय से एलईडी वाहनों को रवाना करके की जा रही है। इसके अलावा 9090902024 नंबर पर मिस कॉल करके, नमो एप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन और कार्यकर्ता अपने सुझाव दे सकते हैं।

### जिला मुख्यालयों से होगी रथों की रवानगी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय के बाद जिला मुख्यालयों पर एलईडी रथ यात्रा की शुरुआत वहां के सांसद, जनप्रतिनिधि एवं अध्यक्ष करेंगे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में दो-दो एलईडी रथ गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाएंगे।

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका रथों को रवाना करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, दामोदर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेन्द्र गोठवाल, प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाना, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मुकेश दाधीच, ज्योति मिर्धा, सीआर चौधरी, धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, महापौर सौम्या गुर्जर और विधायक कुलदीप धनखड़ मौजूद रहे।

---

**गोविंददेवजी मंदिर में बोले सीएम- सनातन धर्म के संरक्षण में साधु-संतों का विशेष योगदान**

# यज्ञ से होती है आत्मा की शुद्धि: भजनलाल



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि साधु-संतों के कारण भारतीय संस्कृति का संवर्द्धन एवं संरक्षण हुआ है। उनके विशेष योगदान से आज भारतीय संस्कृति के मूल्य विश्वभर में अपनी अलग पहचान रखते हैं।

सीएम शर्मा रविवार को गोविंददेवजी मंदिर परिसर में बाबा बालकनाथ आश्रम द्वारा आयोजित महामृत्युजंय महायज्ञ के उपलक्ष्य पर आयोजित कलश यात्रा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यज्ञ का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है।

यह पर्यावरण को संरक्षित करने का प्रमुख माध्यम है। यज्ञ करने वाले और उसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों की आत्मा शुद्ध हो जाती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी रूप से भाग लेती रही हैं और उनसे समाज के सभी वर्गों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इससे पहले श्री शर्मा ने बाबा बालकनाथ की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। उन्होंने बस्तीनाथ जी महाराज का शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने एक महिला के सिर पर कलश रखकर और पूजन कर यात्रा की विधिवत शुरुआत भी की।

### गोविंददेवजी का किया पूजन

मुख्यमंत्री ने गोविंददेवजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने यहां छप्पन भोग झांकी के दर्शन भी किए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को अपने साथ पाकर कई श्रद्धालुओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक कुलदीप धनखड़ और कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक भवन का नागर ने किया लोकार्पण

बेधड़क | जयपुर

द कोटा सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक की शाखा दीगोद के नए भवन का रविवार को ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने लोकार्पण किया। ऊर्जा मंत्री ने इस अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सहकारिता के माध्यम से किसानों, ग्रामीण एवं आमजन को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कोटा सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक की शाखा दीगोद के लोकार्पण अवसर पर पंचायत समिति प्रधान सुल्तानपुर कृष्णा शर्मा, बैंक के प्रबंध निदेशक बलविंदर सिंह गिल, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राम प्रसाद शर्मा, बैंक के अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी राजेश मीणा, बड़ी संख्या में ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष, संचालक मंडल के सदस्य, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

---

**नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023**

# 176 दंत तकनीशियन एवं नेत्र सहायक की अंतिम चयन सूची हुई जारी

**■ ईसीजी कैडर की सूची भी जल्द होगी जारी ■ चिकित्सा मंत्री के प्रयासों से भर्ती प्रक्रिया को मिली गति**

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में युवाओं के भविष्य के मद्देनजर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार 500 से अधिक पदों पर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023 का काम तेजी से जारी है। इसी कड़ी में रविवार को विभाग ने दंत तकनीशियन कैडर के 67 एवं नेत्र सहायक के 109 अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूचियां जारी कर दीं।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा ने नर्सिंग एवं पैरामेडिकल भर्ती-2023 को जारी रखने की सहमति दी थी। उसके बाद विभाग ने पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ इस भर्ती के काम को गति दी और इसी का परिणाम है कि दंत तकनीशियन और नेत्र सहायक के 176 पदों के लिए अंतिम चयन सूचियां जारी कर दी गई है। इन सूचियों में 33 अभ्यर्थियों का परिणाम अन्य राज्यों से उनकी अंकतालिकाओं के सत्यापन के कारण रोका गया है। विभाग ने दस्तावेज सत्यापन के लिए संबंधित राज्यों के लिए टीमें रवाना कर दी हैं। सत्यापन होने के बाद जल्द ही इनकी अंतिम चयन सूचियां भी जारी की जाएंगी।




### सूचियां शीघ्र जारी करने के निर्देश-

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा मंत्री ने प्रक्रियाधीन भर्तियों की अंतिम चयन सूचियां शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए थे। इसकी पालना में विभाग में प्रक्रियाधीन 8 कैडरों की भर्ती में से नेत्र सहायक एवं दंत तकनीशियन की अंतिम चयन सूची सीफू द्वारा जारी कर दी गई है। ईसीजी कैडर की सूची भी जल्द जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि टीमें भेजकर दस्तावेज सत्यापन कराने के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर एक भी अभ्यर्थी का चयन नहीं हो।

### संवेदनशीलता, पारदर्शिता और मुस्तैदी से काम

एसीएस शुभ्रा सिंह ने बताया कि शेष कैडरों की अंतिम चयन सूचियां तैयार करने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए सीफू में टीमों का विगत दिनों गठन कर दिया गया था। महाधिवक्ता की राय के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया पर संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं मुस्तैदी के साथ काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल की इस बहुप्रतीक्षित भर्ती के काम को गति मिलने से युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही, भर्ती प्रक्रिया के पूर्ण होने से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा मजबूत होगा एवं गांव-ढाणी तक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं सुगमतापूर्वक मिल सकेंगी।


ERCP की सौगात- लाई नई उमंग
पानी वाले बाबा भामाशाह रामनिवास मीना
और युवा आइकॉन रविन्द्र मीना लाए हैं ...
प्रतियोगिता शुभारम्भ 4 मार्च 2024
प्रतियोगिता समापन 10 मार्च 2024
प्रतियोगिता परिणाम 15 मार्च 2024
उपहार ही उपहार
पूरी तरह नि:शुल्क
जो कहा सो किया
पूर्वी राजस्थान के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी ERCP
जीवन दायिनी ERCP
चंबल-पार्वती- कालीसिंध लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी)
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
द्वारा
पूर्वी राजस्थान के सपने को साकार करने के उपलक्ष्य में
धन्यवाद बतौर 13 जिलों के लोगों के लिए
अभिनव पहल
रामनिवास मीना
(पानी वाले बाबा)
अध्यक्ष-ERCP किसान विकास समिति (रजि.)
रविन्द्र मीना
मुख्य संयोजक
ERCP किसान विकास समिति (रजि.)
ERCP स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024
विजेता पुरस्कार
उप विजेता पुरस्कार
इन 13 जिलों के 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी हो सकते हैं प्रतियोगिता में शामिल-
दौसा, करौली, सवाईधोपुर, टोंक, भरतपुर, धौलपुर, अलवर, जयपुर, अजमेर, कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड।
प्रतियोगिता में शामिल होने के नियम, शर्त जानने और आसान सवालों के जबाव देने के लिए देखें-
तृतीय विजेता पुरस्कार
www.ramniwasmeena.com
https://ercp.ramniwasmeena.com/
नोटः उपहारों के चित्र मात्र सजावटी हैं, वास्तविक उपहार उक्त चित्रों से भिन्न हो सकते हैं ।
अन्य विजेता पुरस्कार
चांदी के सिक्के
प्रतियोगिता में शामिल होने के नियम, शर्तें जानने एवं आसान सवालों के जवाब देने के लिए स्कैन करें।
13 जिलों के लिए आकर्षक पुरस्कार- जिला स्तर पर होगी विजेताओं की घोषणा।
●प्रत्येक जिले में विजेता को मिलेगी मोटरसाइकिल। ●प्रत्येक जिले में उपविजेता को मिलेगा लेपटॉप।
●प्रत्येक जिले में तृतीय स्थान विजेता को मिलेगा स्मार्टफोन/ एन्ड्रॉयड फोन। ●13 जिलों में अन्य विजेताओं को मिलेंगे 1300 चांदी के सिक्के। ● सभी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे डिजिटल प्रमाण पत्र।
# नोट- नियम एवं शर्तें लागू।
निवेदकः- पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : 8619025640

**जरूरी खबर**

## आईआरएस बैच का सिक्योरिटी प्रशिक्षण आज से



**बेधड़क, जयपुर।** भारत सरकार में केंद्रीय गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के तहत केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर की ओर से इंडियन रेवेन्यू सर्विस के 77 वें बैच के लिए नेशनल सिक्योरिटी मॉड्यूल का तीन दिनी प्रशिक्षण सोमवार को 10 बजे से अजमेर रोड पर मणिपाल यूनिवर्सिटी के पास स्थित संस्थान परिसर में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में एमएल कुमावत मुख्य अतिथि होंगे व IT के प्रिंसिपल डायरेक्टर (इंवेस्टिगेशन) सुधांशु शेखर झा विशिष्ट अतिथि होंगे।

## तकनीक सीखने महिला किसान का दल गुजरात रवाना

**बेधड़क, जयपुर।** कृषि की नवीन तकनीक का ज्ञान लेने अंतर राज्य ट्रेनिंग के लिए महिला किसानों का दल रविवार को आनंद कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के लिए रवाना हुआ। ये दल 8 मार्च तक कृषि की नवीन तकनीकी का ज्ञान लेकर 9 मार्च को वापस अपने खेतों में पहुंचेगी। इसमें मंडोर, लूणी, धवा, पीपाड़ , तिंवरी और ओसियां पंचायत समिति से 30 अनुसूचित जाति की महिलाएं आत्मा योजना के तहत ट्रेनिंग लेने रवाना हुई। इस दल के साथ प्रभारी नेमा राम कृषि अधिकारी और प्रियंका कृषि प्रवेक्षक सह प्रभारी के तौर पर साथ गए हैं।

## 10 हजार लोगों को दिखाएंगे एनिमेटेड फिल्म 'द लाइट'



**बेधड़क, जयपुर।** ब्रह्माकुमारी संस्था के संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा के जीवन पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 'द लाइट' जयपुर से जुड़े सभी सेवा केंद्रों के करीब 10 हजार लोगों को अलग-अलग सिनेमा हॉल में दिखाई जाएगी। फिल्म के द्वारा पिताश्री ब्रह्मा की जीवन कहानी और उनके जीवन के श्रेष्ठ कार्य सामने लाए जाएंगे। फिल्म 1 मार्च से 30 अप्रैल के बीच भारत वर्ष में दिखाने की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में जयपुर में शो होंगे। फिल्म 3 महीने तक भारत में और उसके बाद विदेश के थिएटर में दिखाई जाएंगी। फिल्म में दर्शाया गया है कि किस प्रकार से पिताश्री ब्रह्मा ने महिला सशक्तीकरण की मुहिम शुरू की जो आज भी ब्रह्माकुमारी संस्था के नाम से प्रसिद्ध है।

### कानोड़िया कॉलेज में एनएसएस शिविर: सात दिवसीय कैंप का समापन

# एनएसएस की व्यक्तित्व निर्माण में विशेष भूमिका: गुप्ता

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सचिवालय के सांख्यिकी अधिकारी दिनेश गुप्ता थे, जबकि विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला समन्वयक डॉ. स्निग्धा शर्मा थीं। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्व बताते हुए कहा इससे नेतृत्व की भावना, मानवता, जीवन मूल्यों



को धारण करने और इन गुणों के विकास करने में सहायता मिलती है। डॉ. स्निग्धा शर्मा ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुण पैदा करता है। अच्छे नागरिक बनकर समाज कल्याण के कार्यों में अपनी भूमिका निभा सके और नेतृत्व कौशल विकसित कर सके, उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया एवं सामुदायिक तौर पर आगे बढ़ने पर देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### NSS स्टूडेंट्स को आगे बढ़ाती है एनएसएस

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस छात्राओं को व्यक्तिगत रूप से और एक समूह के रूप में आगे बढ़ने में मदद करता है। स्वयंसेवकिओं से शिविर में सीखी बातों को जीवन में उतारने की बात कही। उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थिति रही। समापन कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में महिलाओं के मुद्दों, बाल मजदूरी, परिवारिक हिंसा, ट्रांसजेंडर, राजस्थान की सांस्कृतिक, राष्ट्रीय सेवा योजना, लैंगिक समानता, विभिन्न मोबाइल एप्स जैसे सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। स्वयंसेविका वर्णिता अग्रवाल, गुनगुन मगनानी एवं खुशी गुप्ता द्वारा मानसरोवर स्थित वंचित लोगों के लिए कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की गई। उन्हें इस सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आंचल पुरी द्वारा किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. आंचल पुरी, विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत एवं महिमा रामचंदानी की देखरेख में हुआ।



### कैंसर शिविर

शिविर के छठे दिन लाल कुंडा बस्ती, झालाना में जयपुर कैंसर रिलीफ सोसाइटी के सहयोग से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूक करना और जानकारी देना था, जिसमें कैंसर के विभिन्न प्रकार जैसे प्रोस्टेट, स्तन, लिवर आदि के बारे में चर्चा की गई।

### निर्वाण विवि में 'मेरा पहला वोट देश के लिए' गतिविधि 6 मार्च तक

# फर्स्ट टाइम वोटर को जागरूक करना जरूरी: एस. एल. सिहाग

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय में NSS के बैनर तले भारत सरकार तथा युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा निर्देशित अभियान 'मेरा पहला वोट देश के लिए' आयोजित की जा रही है। सरकार ने युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 28 फरवरी से 6 मार्च तक 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान आयोजित करने के लिए सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है।

इस अभियान के तहत निर्वाण विश्वविद्यालय में एनएसएस सेल द्वारा विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता से संबंधित फिल्म और वीडियो क्लिप्स दिखाई गई और विद्यार्थियों को मतदान रजिस्ट्रेशन और जागरूक मतदाता के लिए लैक्चर सीरीज का आयोजन किया गया तथा शपथ दिलाई गई। निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग के अनुसार मतदान सभी भारतीय नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जो युवा प्रथम बार मतदान करने वाले हैं, उन्हें इस बारे में जागरूक करना आवश्यक है।




### लोकतांत्रिक देश में मतदान महत्वपूर्ण: अरोड़ा

सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आर.के. अरोड़ा ने कहा कि मतदान एक लोकतांत्रिक देश कि महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसकी लोकतंत्र के निर्माण और क्रियान्वयन में मुख्य भूमिका है और मतदान सभी नागरिकों का महत्वपूर्ण कर्तव्य है। इसके लिए एनएसएस सेल निर्वाण विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार निर्देशित अभियान के तहत इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन एक प्रशंसनीय पहल है। कुलपति प्रो.अरविंद कुमार अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को लोकतंत्र और मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि आने वाले समय में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यार्थियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में अपना नाम रजिस्टर करवाना अनिवार्य है, ताकि एक सशक्त लोकतन्त्र का क्रियान्वयन हो सके इसके लिए यह गतिविधि अहम है।

### इनका रहा योगदान

निर्वाण विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. विजय लक्ष्मी और डॉ. के. सी. सैनी की देखरेख में यह गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. विजय लक्ष्मी और डॉ. के. सी. सैनी ने जानकारी दी कि इस गतिविधि के पीछे भारत सरकार का मानस नव युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में रजिस्ट्रेशन, मतदान के अधिकार और इससे संबंधित प्रकिया के बारे में सजक और जागरूक करना है।

### बीकानेर की महाजन रेंज में चल रहा भारत व जापान की सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास

# जापान के ले. जनरल ने किया 'धर्मागार्डियन' का अवलोकन

**बेधड़क** | जयपुर

जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स, पूर्वी सेना कमांडिंग जनरल, लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची ने रविवार को बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्मागार्डियन' का दौरा किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य अभ्यास में हुई प्रगति का जायजा लेकर दोनों टुकड़ियों को प्रोत्साहन देना तथा दोनों सेनाओं के बीच आपसी भाईचारे को मजबूत करना और दोनों देशों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ाना रहा। महाजन रेंज में चल रहा अभ्यास 'धर्मागार्डियन' संयुक्त अभ्यास का 5वां संस्करण है, जो संयुक्त राष्ट्र के अनुरूप अर्ध-शहरी वातावरण में एक संयुक्त कार्य बल के रूप में प्रभावी ढंग से काम करने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह अभ्यास भारत और जापान के बीच रणनीतिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर जोर देता है।



### चेतक कोर के ऑफिसर कमांडिंग भी रहे मौजूद

इस अवसर की गरिमा को बढ़ाते हुए चेतक कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह भी इस दौरे में उपस्थित थे। लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइचीव लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह ने अभ्यास के दौरान सैनिकों की हौसला अफजाई की। अभ्यास 'धर्मागार्डियन' जापानी और भारतीय सशस्त्र बलों के बीच मजबूत बंधन और सहयोग का प्रमाण है, जिससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होती है।

### बिहार क्रिकेट एसोएिएशन लीग के लिए चुना

# बाज्या का मोजा के दीपक की गया क्रिकेट लीग में नीलामी

**बेधड़क** | जयपुर



उत्तर पश्चिम जयपुर। बाज्या का मोजा गांव के दीपक चौधरी की बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की गया प्रीमियर लीग में बोली लगेगी। जाहिर है, दीपक गया प्रीमियर लीग के लिए बिहार दौरे पर जाएंगे।


छोटे से गांव के दीपक ने क्रिकेट के प्रति अपने लगाव में कभी उम्मीद नहीं हारी। वह अपनी टीम के लिए खेलते रहे और कई जगह टूर्नामेंटों में भाग लेते रहे और अपने प्रदर्शन से लोगो का दिल जीत लेते थे। हर जगह उनको खेलने का अनुभव है। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और बिहार क्रिकेट एसोएिशन ने उनको लीग के लिए चुना। आने वाले समय में पता लगेगा की कौनसी टीम दीपक को कितने में खरीदती है। दीपक एक आक्रामक बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर हैं। दीपक चौधरी ने सफलता का श्रेय माता-पिता और परिवार जनों को दिया। चौधरी को यह अवसर मिलने पर राजस्थान के क्रिकेटरों, खासकर युवाओं में हर्ष की लहर दौड गई है।

### तिरुपति कॉलेज और आरयू के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन

# IT फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषयक संगोष्ठी आज से

**बेधड़क** | जयपुर

एबीएसटी विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय में तिरुपति कॉलेज आफ टेक्निकल एजुकेशन जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में इन्नोवेटिव रिसर्च और प्रैक्टिस इन कॉमर्स मैनेजमेंट एंड आईटी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता आरयू की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा करेंगी। इस मौके पर विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंद आचार्य, प्रो. आर के गुप्ता (वीसी हिमाचल प्रदेश विवि), प्रो. वी अप्पा राव (अध्यक्ष आई ए ए हैदराबाद), प्रो. एमएल छीपा (पूर्व वीसी भोपाल विवि) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अशोक अग्रवाल व डॉ. प्रियंका गोयल ने बताया कि देश-विदेश से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया है 1 संगोष्ठी का आयोजन 2 दिन में चार तकनीकी सत्रों में किया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।




### सात दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन

# ऐसे शिविर से होता है युवाओं का सर्वांगीण विकास: निदेशक शर्मा

**केन्द्रीय संस्कृत विवि, जयपुर में 26 फरवरी से शुरू हुआ था शिविर**

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर में 26 फरवरी से शुरू हुआ सात दिवसीय 'हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स शिविर' रविवार को सम्पन्न हुआ।

शिविर में स्काउट कमिश्नर सोनू शर्मा, राहुल शर्मा, कोमल कुमारी और ट्रेनिंग काउंसलर रवीना ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को

### प्रेम, सेवा, विनम्रता, कर्तव्य, नियमितता, पर्यावरण, करुणा व अनुशासन का महत्व समझाया




देश प्रेम की भावना, सेवा-भाव, विनम्रता, कर्तव्य पालन, नियमितता, पर्यावरण संरक्षण, करुणा भाव, अनुशासनता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### इन विधाओं का दिया प्रशिक्षण

निदेशक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर आयोजित होते रहना चाहिए, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं ने जो ज्ञान व प्रशिक्षण लिया है, वो निश्चित ही जीवन में उनके काम आएगा। स्काउट शिविर में प्रातःकालीन आसन-योग, सेवा कार्य, ध्वजारोहण स्वल्पाहार प्रशिक्षण, नेतृत्व शक्ति, नायक परिवर्तन, संगीत व मनोरंजन का प्रशिक्षण दिया। सायंकालीन ध्वजा अवतरण, खेल-कूद, कैम्प-फायर, भोजन पर प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प के अंतिम दिवस पर कैम्प फायर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी दलों ने (नुक्कड़ नाटक, गीत, नृत्य) इत्यादि के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



## जरूरी खबर

### 3 गुर्जर मंत्री बनाने 3 सांसद प्रत्याशी उतारने की मांग

**जयपुर।** पथिक सेना संगठन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्य के मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को अलग-अलग पत्र लिख कर देश के गुर्जर बाहुल्य राज्यों में भाजपा द्वारा समाज के साथ राजनीतिक उपेक्षा पर कड़ी प्रतिकिर्या व्यक्त की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने लोकसभा चुनावों से पहले राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार कर गुर्जरो के 3-3 मंत्री बनाने व कम से कम 3-3 संसदीय प्रत्यासी उतारने की मांग की है। वहीं, राजस्थान के एमबीसी आरक्षण कोटे को 9% करने व एमबीसी में पदोन्नति की मांग, आंदोलनों में समझौते अनुरूप बेकलॉग भरने, गुर्जर इतिहास एवं पौराणिक गुर्जर धरोहरों व नाग पहाड़ को संरक्षित करने, गुर्जरी मां पन्ना व विजयसिंह पथिक के इतिहास को सरकारी पाठ्यक्रम में समिलित कर उनके नाम से यूनिवर्सिटी बनाने की मांग की है।

### माधव गिरी महाराज जिला संरक्षक बने

**जयपुर।** राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के प्रदेश प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर डॉ. देव हंस महाराज से चर्चा कर जयपुर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। नव घोषित कार्यकारिणी में माधव गिरी महाराज को जिला संरक्षक, अश्वनी दीक्षित को जिला उपाध्यक्ष, भूपेंद्र शर्मा को जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष, करण महावर को युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, हेमंत जांगिड़ जिला प्रभारी, शंकर स्वामी निजी सचिव जिला अध्यक्ष, अमित सोनी जिला महामंत्री, राम लड्डू शर्मा जिला मीडिया प्रभारी एवं झोटवाड़ा विधानसभा अध्यक्ष, सुरेश चौधरी सिरोही जिला प्रभारी, लेखराज महावर गेटोर रोड मंडल अध्यक्ष, सुनील सोनी जोहरी बाजार मंडल अध्यक्ष, ज्ञान महावर रामगढ़ मोड़ मंडल अध्यक्ष, कन्हैया जांगिड़ सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

**राजस्थान ब्राह्मण महासभा के द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन में उठी मांग**

# ब्राह्मण को पंचायत, नगर-परिषद चुनाव में भी मिले आरक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

'ब्राह्मणों को कर्मशील बनना होगा और जमाने के बदलाव के साथ आर्थिक उन्नति करनी होगी। अब ब्राह्मण को पंचायत में नगर परिषद चुनाव में भी आरक्षण मिलना चाहिए।' यह मांग राजस्थान ब्राह्मण महासभा के द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन में उठी। रविवार को परशुराम परिसर विद्याधर नगर जयपुर में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केसरी चंद्र शर्मा ने की। मुख्य अतिथि विधायक सिविल लाइंस गोपाल शर्मा, विधायक हवा महल बालमुकुंद आचार्य, विशिष्ट अतिथि आमेर विधायक प्रशांत सहदेव शर्मा, विधायक सरदारशहर अनिल शर्मा रहे।



### लोकसभा में अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के प्रयास हों

कार्य अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मणों को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक टिकट मिले इसकी कोशिश करनी चाहिए। विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि मेरे पिता भवन लाल शर्मा ने हमेशा ब्राह्मणों की सेवा की है। दीक्षांत शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए मैं और मेरा परिवार आर्थिक मदद के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। प्रमुख महामंत्री मधुसूदन शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों को राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक रूप से आगे लाने के लिए राजस्थान ब्राह्मण महासभा हमेशा अग्रणी रहा है, मैं भी पूरी कोशिश करूंगा।

### ब्राह्मण ही सनातन धर्म के रक्षक

प्रांतीय अधिवेशन के मंच संचालक मधुसूदन शर्मा प्रदेश प्रमुख महामंत्री ने की। अधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष की श्री केसरी चंद्र शर्मा ने की। विधायक प्रशांत शर्मा और विधायक गोपाल लाल शर्मा ने कहा कि मैं समाज के लिए हमेशा तत्पर हूं। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि ब्राह्मण ही सनातन धर्म के रक्षक है।

### अधिवेशन में ये रहे मौजूद

अधिवेशन में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के सभी जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रांतीय प्रतिनिधि, प्रदेश कार्यकारिणी, महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, उपस्थित रहे। प्रदेश पदाधिकारी कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष दीक्षांत शर्मा, प्रमुख महामंत्री मुख्यालय देवेंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष विजय हरितवाल, जयपुर जिला अध्यक्ष गोविंद जौहरी और ग्रामीण अध्यक्ष जगदीश शर्मा, संभाग अध्यक्ष भरतपुर वैभव शर्मा, मनोज दीक्षित विधि सलाहकार, ओमप्रकाश चैटिया, यशवर्धन, पवन शर्मा, सुशील शर्मा, रामानुज, महिला अध्यक्ष अरुणा गोड सहित प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला पदाधिकारी बड़ी सख्या में मौजूद रही। सभी मुख्य अतिथियों का मधुसूदन शर्मा प्रमुख महामंत्री ने मोमेंटो देकर स्वागत किया।

**मौसम में बदलाव का दौर जारी, बारिश के कारण तापमान गिरा**

# कोहरे ने रोकी जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग, 5 फ्लाइट हुई डायवर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

मौसम में बदलाव का दौर जारी है। बारिश के कारण औसत तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते माउंट आबू में रात का तापमान 10 डिग्री गिरकर माइनस में पहुंच गया। रविवार सुबह राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर अल सुबह घना कोहरा छाया रहा। इसकी वजह से 2 फ्लाइट्स को जयपुर में लैंड होने के लिए इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कुछ फ्लाइट 30 मिनट तक जयपुर के आसमान में ही चक्कर लगाती रही। खराब मौसम की वजह से एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने फ्लाइट्स को डाइवर्ट कर दिया। वहीं, एक फ्लाइट उड़ान नहीं भर पाई। बड़ी संख्या में पैसेंजर और उनके रिलेटिव्स को परेशान होना पड़ा।



### सात दिन मौसम रहेगा शुष्क

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि सात दिन तक राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। इसके चलते प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। हालांकि, इस दौरान सुबह शाम-सर्दी का असर बरकरार रहेगा। दिन के तापमान में ज्यादा इजाफा नहीं होगा। पिछले 24 घंटे में एक्टिव हुए वेदर सिस्टम के कारण जयपुर समेत कुछ इलाकों में कुछ देर के लिए हल्का कोहरा था, जो अब सामान्य हो गया है। पिछले 24 घंटो में राज्य के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्के से मध्यम बारिश दर्ज की गई है।

### एक प्लेन उड़ान नहीं भर पाया

अहमदाबाद से जयपुर आई की इंडिगो की फ्लाइट 6E - 7114, कोलकाता से जयपुर आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX - 1457, चेन्नई से जयपुर आई स्पाइस जेट की फ्लाइट SG - 215 30 मिनट तक लैंड होने का इंतजार करती रही, जो कुछ देर बाद जयपुर एयरपोर्ट पर उतर सकी। जबकि, सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E - 207 भी डायवर्जन की वजह से अपने निर्धारित वक्त पर उड़ान नहीं भर सकी।

### दो बार लैंडिंगका प्रयास, लेकिन विफल

रविवार सुबह इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6E - 5037 दिल्ली से जयपुर आई थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से फ्लाइट लैंड नहीं हो पाई और जयपुर के आसमान में ही 15 मिनट तक चक्कर लगाती रही। इसके बाद भी जब मौसम साफ नहीं हुआ तो और ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने फ्लाइट को फिर से दिल्ली डायवर्ट कर दिया। इसके साथ ही इंडिगो की फ्लाइट 6E - 815 सुबह 6 बजकर 30 पर हैदराबाद से जयपुर आई थी। खराब मौसम की वजह से फ्लाइट 30 मिनट तक आसमान में ही मंडराती रही। पायलट ने दो बार लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुआ। बाद में हैदराबाद फ्लाइट को भी दिल्ली डायवर्ट किया गया।

**जनकपुरी में मनाया गया निर्वाण महोत्सव**

# मोक्ष कल्याण का अर्घ बोलते हुए जयकारों के संग चढ़ाया निर्वाण लाडू



**बेधड़क** | जयपुर

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्व नाथ का निर्वाण महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मंदिर में अभिषेक वृहत शांतिधारा और पूजन के बाद निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के मोक्ष कल्याण का अर्घ बोलते हुए जयकारों के साथ निर्वाण लाडू मय श्रीफल व दीपक के उपस्थित श्रावकों द्वारा चढ़ाया गया।

### सुपार्श्व नाथ का सम्मेद शिखर पर हुआ था निर्वाण

बिलाला ने बताया कि जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्व नाथ का जन्म इक्ष्वाकुवंश में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को विशाखा नक्षत्र में वाराणसी में हुआ था। इनकी माता का नाम पृथ्वी देवी और पिता का नाम राजा प्रतिष्ठ था। इनके शरीर का वर्ण सुवर्ण था और इनका चिह्न स्वस्तिक था। इनका निर्वाण शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर पर हुआ था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

### बनेगा तो, बढ़ेगा इंडिया...



*जयपुर। भारतीय जनता पार्टी ने लोक सभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के पास एक बड़ी सी दीवार पर मोदी सरकार के विकास कार्यों को उकेरा गया है। इसकी टैगलाइन दी गई है-बनेगा तो, बढ़ेगा इंडिया। गौरतलब है कि इस बार लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले 'इंडिया गठबंधन' मुख्य विपक्षी दल है।* **-फोटो: राजेश कुमावत**

**गोगामेड़ी हत्याकांड के दोषियों को फांसी की मांग**

# क्षत्रिय करणी सेना 6 को घेरेगी विधानसभा

**बेधड़क** | जयपुर

क्षत्रिय करणी सेना 6 मार्च को जयपुर के चित्रकूट स्थित प्रताप स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा करेगी। इसके बाद करणी सेना के सदस्य विधानसभा का घेराव करेंगे। आयोजकों की ओर से रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी गई। कॉन्फ्रेंस में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के साथ ही फांसी दिए जाने की मांग की गई। साथ ही घायल बॉडीगार्ड नरेंद्र सिंह को सरकार से



सहायता और गवाहों को सुरक्षा देने की भी मांग की। क्षत्रिय करणी सेना के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह शेखावत ने बताया कि सुखदेव सिंह हत्याकांड के तीन महीने बीत जाने के बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जो आरोपी गिरफ्त में हैं, उन्हें आज तक फांसी नहीं दी गई। एनआईए ने कोर्ट से जांच के लिए 90 दिन का समय और मांगा है, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि सरकार इस मामले को कमजोर करना चाहती है। वहीं, हमले के दौरान घायल बॉडीगार्ड नरेंद्र सिंह आज भी अस्पताल में भर्ती है। लेकिन सरकार से कोई सहायता नहीं दी गई। संघर्ष समिति की ओर से घटना के समय 15 सूत्री मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। प्रदेश अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने बताया कि सभा में हजारों लोग इकट्ठे होंगे। कॉन्फ्रेंस में क्षत्रिय करणी सेना के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह शेखावत, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत, मध्य प्रदेश अध्यक्ष इंदेल सिंह उपस्थित रहे।

**इकरान -24 में विश्व के न्यूरोसर्जन्स की अपील**

# डॉक्टर्स पर हमले चिंताजनक, रोकने के लिए जिम्मेदार आगे आएं

**बेधड़क** | जयपुर

देश और दुनिया के जयपुर में इकट्ठा हुए न्यूरो सर्जन्स ने विश्व, खासतौर पर भारत में डाक्टरों पर बढ़ते हमलों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए जिम्मेदार लोगों से इन्हें रोकने के मजबूत कदम उठाने का आग्रह किया है।

इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एडवांसेज इन न्यूरोट्रोमेटोलॉजी ( इकरान-2024 ) के तीसरे और अन्तिम दिन आज यहां हुए विभिन्न सत्रों में न्यूरो सर्जन्स ने अपनी अपनी उल्लेखनीय सर्जरी की केस रिपोर्ट सबके सामने रखी और उन पर खुल कर सवाल जवाब किए।




### डॉक्टर्स के प्रति समाज का व्यवहार समझदारी भरा हो

एक सत्र में नागपुर के डॉ. लोकेन्द्र सिंह ने यह सवाल कर सबको स्तब्ध कर दिया कि डाक्टर अपने मरीजों की जान बचाते हैं, लेकिन उनकी जान कौन बचायेगा? उन्होंने डॉक्टर्स पर पब्लिक के हमलों की बढ़ती प्रवृत्ति, इन पर मीडिया द्वारा तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत करने और राजनेताओं तथा न्यायपालिका की अप्रासंगिक टिप्पणियों पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि डॉक्टरी के पेशे की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉक्टर्स के प्रति समाज का व्यवहार बहुत समझदारी का होना चाहिए।

### क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

न्यूरो सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल कर रहे डॉक्टर्स के लिए भी एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके तीन टॉपर्स डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. पौरुष और डॉ. अक्षय को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सत्र में युवा न्यूरो सर्जन्स ने ट्रॉमेटिक ब्रेन इंज्यूरीज पर अपने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए और संभागी न्यूरो सर्जन्स द्वारा उन पर किए सवालों का प्रवीणता से जवाब दिया। अलग अलग सत्रों में ब्रिटेन के डा. पीटर हकिंसन ने न्यूरोट्रोमा मरीजों के लिए विश्व के विभिन्न हिस्सों में शुरू की गई विभिन्न प्रणालियों का उल्लेख किया। सिंगापुर के डा. वान ट्यू ने भी अपने अनुभव बताए।

### युवा न्यूरो सर्जन्स के लिए भी हो कॉन्फ्रेंस

समापन सत्र में जयपुर कॉन्फ्रेंस की आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. वीडी सिन्हा ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं का, इस सम्मेलन में भाग लेने और अपने अपने शोध कार्यों पर शानदार विचार विमर्श करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि गुलाबी शहर की खूबसूरती और यहां के आतिथ्य का इसमें भाग लेने वालों ने आनंद उठाया होगा। डा. सिन्हा ने विभिन्न सत्रों में हुई चर्चा और शोध कार्यों की प्रस्तुति पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि, शीघ्र ही ऐसी एक कॉन्फ्रेंस युवा न्यूरो सर्जन्स के लिए आयोजित की जाएगी।

# संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा इसरो!



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वर्ष 2023 भारत के लिए अंतरिक्ष में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। यह बात सभी को विदित ही है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और भारतीय अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया। जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की तो यह भारत के लिए एक बहुत ही बड़ा व ऐतिहासिक कदम था। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद इसरो द्वारा आदित्य-एल 1 सूर्य मिशन की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे थे।इसी क्रम में अब भारत सरकार ने हाल ही में गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की पहली उड़ान के लिए चयनित एयरफोर्स के चार पायलटों के नाम भी बताए हैं। इनमें क्रमशः ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं, जिनके नाम स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी 2024 को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने एवं गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद जारी किए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा कि, 'ये चार नाम या चार इंसान नहीं हैं। 140 करोड़ आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली शक्तियां हैं। 40 साल के बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाने वाला है। इस बार टाइम भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।' बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मिशन है और इस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष मिशनों को कक्षा में भेजा जाएगा। इन तीन मिशनों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अक्तूबर 2023 में अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को भी लॉन्च किया था और वर्तमान में इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। सच तो यह है कि गगनयान मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। दरअसल, गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। इसरो के अनुसार, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में कोई भी गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। एजेंसी के मुताबिक, चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है। दरअसल इसरो इस मिशन के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है और किसी भी हाल और परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्रियों को खोना नहीं पड़े इसके लिए इसरो द्वारा छह परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार की गई है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल अक्टूबर में हुए एक अहम परीक्षण में यह सामने आया है कि रॉकेट में गड़बड़ी होने पर चालक दल सुरक्षित बाहर निकल सकता है। बहरहाल, पाठकों को यह भी विदित हो कि गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे । मीडिया के हवाले से यह सामने आ रहा है और इस मिशन को वर्ष 2024 के आखिर या वर्ष 2025 की शुरुआत तक अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है। इसी साल यानी कि वर्ष 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान भरी जायेगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट को भेजा जाएगा। बताता चलूं कि गगनयान मिशन तीन दिवसीय मिशन है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान मिशन के सफल होने पर भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। बताता चलूं कि अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ही यह काम कर पाए हैं। यहां यह बात कहना ग़लत नहीं होगा कि आज इसरो संपूर्ण विश्व में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभर रहा है और अंतरिक्ष मिशनों का लगातार भारतीयकरण(स्वदेशीकरण) हो रहा है। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर लगातार अग्रसर हैं और हमने काफी हद तक मिशन गगनयान का भारतीयकरण कर दिया है। यह इसरो के वैज्ञानिकों की बड़ी सफलता है। इसरो की पूरी टीम इसके लिए बधाई की पात्र है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> *"हमारे लिए इससे बेहतर और बड़ी उपलब्धि और भला क्या हो सकती है कि गगनयान मिशन के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले अधिकतर पुर्जे हमारे देश भारत में ही बने हैं। सच तो यह है कि इसरो की उपलब्धियां हम सभी का सिर संपूर्ण विश्व में ऊंचा करतीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि चालीस साल पहले हमारे देश के राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि उस समय अंतरिक्ष से सोयूज टी-11 की क्रू के साथ ज्वॉइंट कॉन्फ्रेंस के जरिए देश ने पहली बार अंतरिक्ष में मौजूद अपने नागरिक (राकेश शर्मा) के साथ बात की थी।"*

### यह इंजन वाहन के ऊपरी चरण को प्रदान करेगा शक्ति

# मानवयुक्त गगनयान के लिए इंजन तैयार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *"भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान का भार 7 टन, ऊंचाई 7 मीटर और करीब 4 मीटर व्यास की गोलाई होगी। 'गगनयान' जीएसएलवी (एमके-3) रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद 16 मिनट में अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच जाएगा। इसे धरती की सतह से 400 किमी की दूरी वाली पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। सात दिन तक कक्षा में रहने के बाद गगनयान को अरब-सागर, बंगाल की खाड़ी अथवा जमीन पर उतारा जाएगा। इस संबंध में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से भी मदद ली जाएगी।"*

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अभियान गगनयान की चरणबद्ध तैयारी में क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 को उड़ान भरने के लिए स्वदेशी तकनीक से विकसित कर लिया है। चूंकि गगनयान भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष अभियान होगा, जो मीन मानवों को लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा। इस दृष्टि से इंजन में सुधार में मानव सुरक्षा रेटिंग प्रक्रिया को सफल मान लिया गया है। इस इंजन को मानव मिशन के योग्य बनाने की दृष्टि से चार इंजनों को अलग-अलग स्थितियों में 39 हॉट फायरिंग टेस्ट से गुजरना पड़ा है। यह प्रक्रिया 8 हजार 810 सेकंड तक चली। इस दौरान इन इंजनों को 6 हजार 350 सेकंड तक जांच से गुजरना पड़ा। यह इंजन मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस की जा रही हैं। यही इंजन अंतरिक्ष की उड़ानों से लेकर उपग्रहों के प्रक्षेपण एवं मिसाइल छोड़ने में काम आता है।

दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की है। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों व अन्य उपकरणों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करती है। दरअसल भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर दिया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। इस परीक्षण के अंतर्गत क्रू मॉड्यूल रॉकेट से अलग हो गया और बंगाल की खाड़ी में गिर गया। नौसेना ने भी पुष्टि की थी कि सेना की पूर्वी कमान ने बंगाल की खाड़ी से निकाला और चैन्नई के बंदरगाह पर ले आया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र से कहा, 'मुझे टीवी-डी1 मिशन की सफलता की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। क्रू मॉड्यूल वह स्थान है, जहां गगनयान मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में दबावयुक्त पृथ्वी जैसे वातावरण में रखा जाएगा। 14 जनवरी 2024 को गोवा में संपन्न हुए मनोहर पर्रिकर विज्ञान महोत्सव में इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया था कि इस मानव मिशन के लिए 'पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली' (ईसीएलएसएस) अन्य देशों से नहीं मिलने के कारण इसरो इसे स्वयं विकसित करेगा। चूंकि इसरो रॉकेट और उपग्रह की रचना करने में सक्षम हैं। परंतु हमने सोचा था कि इस प्रणाली को किसी दूसरे देश से प्राप्त कर लेंगे। लेकिन दुर्भाग्यवश कोई सक्षम देश हमें यह प्रणाली देने का इच्छुक नहीं है। इसलिए स्वयं विकसित करेंगे। गगनयान की उड़ान को 2025 में भरी जाने की संभावना है। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। इसी मौके पर प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से शुक्र आर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर सहित विभिन्न अंतरग्रहीय मिशन की दिशा में काम करने का आग्रह किया हुआ है।

इस यान में लगभग तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्री करीब सात दिन अंतरिक्ष की सैर करेंगे। 'रोबोट-मानव' भी साथ ले जाया जा सकता है। मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए जा चुके हैं। हालांकि अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। शर्मा रूस के अंतरिक्ष यान सोयुज टी-11 से अंतरिक्ष गए थे। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# एकता @24



संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

जब वर्ष 2024 आया तो लोगो के मुंह से बरबस निकल पड़ा, लो 24 भी आ गया! ऐसा लग रहा था जैसे इसे नही आना था,बिन बुलाए मेहमान की तरह आ गया। यूं दिन-रात भी 24 घंटे का होता है और नेता से लेकर खिलाड़ी तक 24 घंटा एक किए हुए हैं 24 में अधिक से अधिक सीट लाने के लिए और खिलाड़ी अधिक से अधिक पदक लाने के लिए 24 घंटा मेहनत कर रहे हैं। आज हरतरफ एकता की बात हो रही, चाहे वो देश हो या राज्य या शहर या परिवार, ये सभी बेचारा एकता का मारा है। नेता अपने दल के लोगों के भीतरघात से चुनाव हारते हैं, सीट नहीं ले पाते हैं और खिलाड़ी भाई भतीजावाद के शिकार होते हैं। कभी एकता कपूर की भी बड़ी चर्चा हुआ करती थी। उनके महाधारावाहिक सास भी कभी बहू में रचे बसे पात्रों का नाम लोगों को याद रहा करता था, भले ही अपने सगे संबंधियों के बच्चों का नाम याद नही हो लेकिन टीवी के धारावाहिकों में कौन किसका फूफा है और कौन मामा है, यह लोगो को याद रहता है, और अब आगे क्या घटना घटेगी इसकी चर्चा लोगों के बीच होती रहती है जैसे चुनाव विशेषज्ञ चुनाव के समय होने वाले परिणाम की भविष्यवाणी एग्जिट पोल के माध्यम से करते हैं। देश की एकता एवं अखंडता के लिए शहीद होने वाले जवानों का नाम भले ही याद नही रहता हो लेकिन क्रिकेट में किसने चौका मारा और किसने छक्का मारा और किस खिलाड़ी को कितना करोड़ रूपया मिला इसकी जानकारी सबों को रहती है। सास भी कभी बहू थी धारावाहिक के साथ बनने वाले बहुत से धारावाहिक में सास, सास से दादी बन गई लेकिन सास भी कभी बहू थी में बेचारी सास को किसी बहू से कोई आस न थी।

ऐसे तो हर वर्ष, हर माह, हर दिन, हर पल महत्वपूर्ण है लेकिन 2024 की कुछ बात ही अलग है। 2024 लीप वर्ष है यानी फरवरी 29 दिन का। खेलों का महायज्ञ ओलंपिक का आयोजन 2024 में होगा और भारत के लोकतंत्र का महायज्ञ यानि राजनीतिक ओलंपिक यानि आम चुनाव यानि लोकसभा का चुनाव होगा। राजनीतिक दल नित नए-नए समीकरण/गठबंधन बना रहे हैं। बूंद बूंद से सागर भरता है इसको सोचते हुए अपनी पाले में अधिक से अधिक दलों को लाने की कोशिश कर रहे हैं और कोई इसे गठबंधन कह रहा है, तो कोई महागठबंधन कह रहा है, तो कोई इसे ठगबंधन कह रहा है। महाभारत में अर्जुन को सिर्फ मछली की आंख दिखाई देता था वैसे ही अभी नेताओ को सिर्फ सत्ता का महासिंहासन दिख रहा है। खेल के खिलाड़ी की निगाह स्वर्ण पदक पर है; नीरज चोपड़ा 24 में 90 को पार करना चाहते हैं, पीवी सिंधु पदक का सिंधु पार करना चाहती है।

24 घंटे का रात दिन होता है जो हम सबके लिए एक समान है, चाहे वो राजा हो या रंक, सबको एक समान समय मिलता है और सोना भी 24 कैरेट का ही होता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम/पीजी कोर्स 2 वर्ष का होता है जो 24 माह होता है और गृहस्थाश्रम का प्रवेश द्वार 24 वर्ष के बाद आता है और अंग्रेजी वर्णमाला का 24वां अक्षर एक्स है जो कम प्रयोग होने वाले अक्षरों में से एक है और आज ट्विटर का प्रतीक चिन्ह है।

भारत अब तक 24 बार ओलंपिक खेलों में भाग ले चुका है, 1924 में पेरिस में ओलंपिक हुआ था और क्या संयोग है कि 2024 में भी ओलंपिक पेरिस में ही होने जा रहा है। हमारे यहां टीवी चैनल के नाम के साथ भी 24 जुड़ा है जैसे न्यूज24 आदि। खिलाड़ी दिनरात एक कर रहे हैं एक नंबर स्थान पाने के लिए और भारतीय नेता दिनरात एक किए हुए हैं, चुनाव में एक नंबर पर रहने के लिए। भारत अनेकता में एकता का देश है, यह बिल्कुल सही प्रतीत हो रहा है। कल तक जो दल एक दूसरे को कोस रहे थे, एक दूसरे से कोसों दूर रहते थे, भला बुरा कह रहे थे आज सत्ता पाने के लिए नए-नए गठबंधन बना रहे हैं और अनेक मत होते हुए भी अब एकमत से एकता के सूत्र में बंध गए हैं; देखना है कि 24 में कितने खिलाड़ी और कितने नेता 24 कैरेट सोने की तरह ऊभरकर सामने आते हैं यह तो 24 ही बताएगा?

### नॉलेज कॉर्नर: इस किले की दीवार पर एक साथ-चार घुड़सवार गुजर सकते हैं

# राजस्थान का अद्भुत किला 'कुम्भलगढ़'

राजस्थान एक ऐसा राज्य है जिसका हर शहर, जिला इतिहास से जुड़ा है। राजस्थान के कई किलों, बावड़ियों, मंदिरों का अपना अलग इतिहास है। इन्ही में से एक है 'कुम्भलगढ़'। जो मेवाड़ के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। इस किले का निर्माण राणा कुम्भा ने दुश्मनों से रक्षा करने के लिए करवाया था। राणा कुम्भा ने इस किले की वास्तुकला का काम मंडन द्वारा करवाया था।

## किले का इतिहास

इस किले का निर्माण 13 मई 1459 में राणा कुम्भा ने करवाया था। राणा कुम्भा ने उस समय 84 किलों का निर्माण करवाया था, जिनमें से 32 किलों को खुद सांगा ने डिजाइन किया था। कुम्भलगढ़ भी इन्हीं में से एक किला है। राणा कुम्भा सिसोदिया वंश के राजा थे। इसी किले में 1576 का हल्दीघाटी युद्ध लड़ने वाले महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। किले की दीवारें 36 किलोमीटर लंबी व 21 फीट चौड़ी हैं।



## इतिहास में केवल एक बार पराजित हुआ किला

कुम्भलगढ़ किले के इतिहास में केवल एक बार ऐसा हुआ, जब किले को पराजय का सामना पड़ा। उस समय अकबर, उदयसिंह और राजा मान सिंह और उनकी विशाल सेना ने एक साथ किले को घेर लिया था। इसके बाद किले के अन्दर पानी की इतनी किल्लत हो गई कि कुम्भलगढ़ की सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा।

## किले की अनोखी बातें

*इस दुर्ग की दीवार इतनी चौड़ी है कि एक साथ चार घुड़सवार इस पर चल सकते हैं। इसी कारण इसे भारत की महान दीवार के नाम से जाना जाता है। किले के उत्तर में बने पैदल रास्ते को 'टूट्या का होड़ा', पूर्व में बने रास्ते को 'दाणीवहा', पश्चिम में जाने वाले रास्ते को 'हीरावारी' कहा जाता है। किले में तलहटी पर महाराणा रायमल के 'कुंवर पृथ्वीराज की छतरी' बनी हुई है, जिसे उड़वा राजकुमार के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा किले में कई मंदिर भी हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**सचिन पायलट,** पूर्व उपमुख्यमंत्री
@SachinPilot
किसानों के सशक्त एवं सुनहरे भविष्य का निर्माण देश की प्रगति का आधार है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने अन्नदाताओं के साथ अन्याय व अत्याचार किया, उन्हें प्रताड़ित किया।

### लखनऊ में भाजपा ने आयोजित किया यादव महाकुंभ: मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पहुंचे, सपा को घेरा

# सपा के कोर वोट बैंक को 'नजर' लगाने की तैयारी में BJP, व्यूह रचना तय

एजेंसी | लखनऊ

भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कोर वोट बैंक यादव वोटों में सेंधमारी की तैयारी में जुटी है। भाजपा की ओर से रविवार को लखनऊ के गुडौरा मैदान में यादव महाकुंभ का आयोजन किया गया।

भाजपा की मजबूत सियासी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव महाकुंभ में पहुंचे। इस मौके पर पोस्टर लगाए गए यादव चले मोहन के साथ। इससे भाजपा की रणनीति साफ है। सपा के सियासी आधार को कमजोर करना। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। ऐसा कहा जाता है कि यूपी में जिस पार्टी की जीत होती है, केंद्र में उसकी सरकार बनती है।

राज्य की कई लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां यादव वोट निर्णाणक भूमिका में रहते हैं। ऐसे में डॉ मोहन यादव के यादव महाकुंभ में आगमन को अहम माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा, सपा व कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन को देखते हुए यादव वोटों की गोलबंदी में जुटी है। महाकुंभ में अपने भाषण में सीए मोहन यादव ने यादवों को अपनी ताकत का एहसास कराने की बात कही।

उन्होंने कहा कि एक परिवार ने यादव की राजनीति की और वोट बैंक हथियाया, लेकिन उनके लिए क्या किया? यह सवाल अब पूछे जाने की जरूरत है।

यादवों को सनातनी बताते हुए उन्होंने कहा कि हम भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को पूजने वाले लोग हैं।



### अखिलेश पर साधा निशाना

मोहन यादव ने अखिलेश यादव पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां आ रहा था तो किसी ने कहा कि यादव समाज यूपी में एक परिवार तक सिमटा हुआ है। यहां आकर खुशी है कि यह वर्ग किसी एक परिवार के दायरे तक नहीं सिमटा है। यादव समाज किसी भी दायरे में नहीं रह सकता है। इस समाज की अपनी पहचान है। आपको गर्व होना चाहिए कि आपके यहां का निकला हुआ, अभावों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला एक व्यक्ति एक प्रदेश की कमान संभाल रहा है। मोहन यादव ने कहा कि मेरे पिता कोई मुख्यमंत्री नहीं थे। मेरे पिता राजनीति में नहीं थे। मेरे परिवार वाले इस व्यवस्था को जानते तक नहीं थे। इसके बाद भी एक पार्टी ने 2003 से 2010 तक राज्यमंत्री का दर्जा दिया। अब पार्टी ने मुझे मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया है। इसके लिए समाज की तरफ से भाजपा को बधाई देते हैं।

### यूपी दौरों से विपक्षी खेमें में चिंता

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यादव के दौर में अपने एमवाई यानी मुस्लिम और यादव गठबंधन के फॉर्मूले के बूते पर सत्ता में आती रही है। लेकिन यह पहला मौका है जब बिना मुलायम सिंह के समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। ऐसे में एमपी के सीएम मोहन यादव के यूपी के दौरों का सिलसिला शुरू हो गया है। राजनीतिक क्षेत्रों में उनके इस दौरों को उत्तर प्रदेश में यादव वोट बैंक से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यादव वोटों को लेकर भाजपा की व्यूहरचना से विपक्षी खेमा भी चिंतित है। सीएम डॉ. मोहन यादव 13 फरवरी को आजमगढ़ क्लस्टर के अंर्तगत आने वाले 5 लोकसभा क्षेत्रों आजमगढ़-लालगंज-घोसी-बलिया और सलेमपुर लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठकों में शामिल हुए थे। उत्तर प्रदेश की ओबीसी आबादी में तकरीबन 20 प्रतिशत यादव हैं वहीं उत्तर प्रदेश में 9 फीसदी यादव वोट है जो इटावा, एटा, संत कबीरनगर , बदायूं, फिरोजाबाद, , बलिया , फैजाबाद , जौनपुर, मैनपुरी में निर्णायक है।

## सांसद डॉ. हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास की घोषणा की है। हर्षवर्धन ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों की पहली सीट जारी होने के बाद यह कदम उठाया है। उन्हें इस बार पार्टी ने प्रत्याशी नहीं बनाया है। इससे पहले, पूर्व दिल्ली से भाजपा के सांसद गौतम गंभीर और झारखंड के हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा की पहली सूची आने से पहले ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई थी। वहीं, अब हर्षवर्धन ने भी सक्रिय राजनीति से खुद को अलग करने का फैसला लिया है। डॉ. हर्षवर्धन ने में कहा कि तीस साल से ज्यादा के शानदार चुनावी कॅरिअर में मैंने पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े, जिनमें मैंने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इनके अलावा, पार्टी संगठन, राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्य भी किया।

## पीएम मोदी ने BJP को दिया 2,000 रुपए का चंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के पार्टी फंड में 2,000 रुपए का चंदा दिया है। फंड में योगदान देने के बाद पीएम मोदी ने लोगों से अपील कर कहा कि मैं सभी से नमो ऐप के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए दान का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, मुझे भाजपा में योगदान देकर और विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को मजबूत करने में खुशी हो रही है। मैं सभी से नमो ऐप के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए दान का हिस्सा बनने का भी आग्रह करता हूं।

### राजद की रैली में दिग्गज नेतोओं का मोदी व नीतीश पर सियासी प्रहार

# लालू ने चला पिछड़ा और दलित कार्ड, राहुल का अग्निवीर से वार

एजेंसी | पटना

पटना के गांधी मैदान में राजद की 'जन विश्वास रैली में विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई दिग्गज नेता शामिल हुए तथा पीएम नरेंद्र मोदी की राजग नीत सरकार व बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। रैली में कांग्रेस के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा नेता डी. राजा और माकपा नेता सीताराम येचुरी समेत कई बड़े नेता शामिल हुए।रैली में लालू यादव ने पिछड़ा-दलित कार्ड चला। उन्होंने कहा कि हमने मंडल कमीशन लागू कराया और पिछड़ों व दलितों को अधिकारी दिलाए। इस रैली को लेकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया का शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। रैली का आयोजन तेजस्वी यादव की राज्यव्यापी 'जन विश्वास यात्रा' के समापन पर किया गया था। रैली के दौरान नौकरी मतलब तेजस्वी जैसे नारे खूब गूंजे।




### बिहार से शुरू होती है राजनीतिक बदलाव की आंधी



राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की 'अग्निवीर' योजना पर हमला बोला। उन्होंने इसे देश के युवाओं के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि सेना में दो तरह के सैनिक हो गए हैं। अग्निवीर ऐसे सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर सकेंगे। न जीते जी सुविधा मिलेगी और न शहीद होने पर सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इन अग्निवीरों को छह महीने की ट्रेनिंग देकर चीन-पाकिस्तान की मजबूत सेना के सामने भेज रही है। राहुल ने कहा कि देश में जब भी कोई (राजनीतिक बदलाव आता है तो उसकी आंधी बिहार से शुरू होती है और यह तूफान देश के अन्य हिस्सों में भी फैल गया है। बिहार देश का राजनीतिक केंद्र है। उन्होंने कहा कि आज देश में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है और एक तरफ नफरत, हिंसा, अहंकार है, तो दूसरी तरफ लोगों में प्यार, भाईचारा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान है। राहुल बोले एक पार्टी नफरत पैदा करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान सजा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार समाज के वंचित वर्गों की 73 प्रतिशत आबादी की उपेक्षा कर रही है।

### लालू का तंज, हमसे दो बार गलती हो गई



राजद प्रमुख लालू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जी को हमने कोई गाली-गलौज नहीं किया। नीतीश कुमार ने जब पहली बार हमारी पार्टी से नाता तोड़ा था तो हमने कहा था कि ये पलटू राम हैं। नीतीश कुमार को नहीं पलटना चाहिए था। तेजस्वी और हमसे दोबारा गलती हो गई। नीतीश कुमार दोबारा पलट गए।

### हमने गरीब-पिछड़ों को ताकत दी

लालू ने कहा कि आप सब को पता है कि 1990 के दशक में दलित-पिछड़ों को लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित रखा जाता था। वोट और मतदान केंद्र सामंती लोग अपने दरवाजे पर रखते थे। किसी गरीब को आने नहीं देते थे। हमने गरीबों को ताकत दी। पिछड़ों को ताकत दी। लालू ने कहा कि हमने इसी गांधी मैदान में छोटी-छोटी जातियों का सम्मेलन कराया। सबको बुलाया। मंडल कमीशन लागू कराया। यह मंडल कमीशन का नतीजा है कि आज अपने को बड़ा कहने वाला कोई भी व्यक्ति गरीबों की तरफ आंख नहीं दिखा सकता। लालू यादव ने कहा कि पहले कुओं पर अगर दलित महिला पानी भर लेती थी तो कुएं को शुद्ध किया जाता था। अब ऐसा नहीं है।

### हमने 17 माह में रोजगार सरकार बनाई: तेजस्वी यादव



रैली में तेजस्वी यादव ने भाजपा और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जबदस्त हमला बोला। उन्होने 17 महीने के अपने कार्यकाल में हमने युवाओं को रोजगार देने के लिए बहुत सारा काम किया है। उन्होने कहा कि राजद का मतलब अब आर फॉर राइट्स, जे फॉर जॉब्स और डी फॉर डेवलपमेंट है। हमने 17 महीनों के दौरान रोजगार की सरकार बनाई। नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कंसते हुए तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत मोदी की गारंटी लेते है वो हमारे चाचा की गारंटी ले सकते है। वे (नीतीश) हमेशा पलट जाते है। इस बार भी पलट गए, वो जहां रहे खुश रहे। भाजपा ने इस बार दो-दो उपमुख्यमंत्री बनाएं हैं। एक अनाप-शनाप बोलता है और दूसरा बड़बोला है।

### यूपी- बिहार में हराओ, भाजपा सरकार चली जाएगी: अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैली में राजग सरकार पर जमकर वार किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के जितने कार्यकर्ता गांधी मैदान में हैं उतने बाहर खड़े हैं। भाजपा को केंद्र से हटाना है। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं, बिहार में 40 सीटें हैं, इन सभी 120 सीटों पर भाजपा को हराना है। आगे उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने 17 महीने में 3 लाख नौकरी महागठबंधन सरकार के दौरान दी। तेजस्वी सत्ता में रहते तो 10 लाख रोजगार देने का वादा पूरा कर देते। उन्होंने कहा कि भाजपा हम लोगों को परिवारवादी पार्टी बताती है। भाजपा से पूछना चाहता हूं कि किसी परिवार वाले को टिकट नहीं दोगे क्या? परिवार वालों से वोट भी नहीं मांगने जाओगे क्या? नारा देते हुए उन्होंने कहा कि 'यूपी और बिहार की 120 सीट लाओ, बीजेपी को हटाओ।

### कट जाएंगे, लेकिन झुकेंगे नहीं: खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कट जाएंगे, लेकिन हम लोग झुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक के बाद एक केस इसलिए हुआ कि वे कभी झुके नहीं। तेजस्वी के चाचा भी भाजपा की शरण में चले गए। अब नीतीश कुमार बोल रहे है कि थोड़े दिन के लिए बाहर गए थे, वापस आ गए है। वे चाय पीने गए थे। जो अपने ऑडियोलॉजी पर अडिग नहीं रह सकता, उन्हें फिर से गठबंधन में शामिल नहीं किया जा सकता।

### भाजपा की चुनाव समिति की बैठक 6 को

# दूसरी और तीसरी सूची में शामिल हो सकते हैं कई नए चेहरे

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के बाद भाजपा अब शेष सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा पर 6 मार्च को केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक में मंथन करेगी। इसके बाद ही सूची जारी होगी। भाजपा ने अपनी पहली सूची में मौजूदा सांसदों की दावेदारी पर नाम मात्र की कैंची चलाई हो, दूसरी और तीसरी सूची में तुलनात्मक रूप से कई नए चेहरे दिखाई दे सकते हैं। भाजपा ने 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 प्रत्याशियों की सूची शनिवार को घोषित कर दी। इनमें पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से प्रत्याशी पवन कुमार के चुनाव न लड़ने की घोषणा के बाद 349 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जाने शेष हैं।

### पवन सिंह ने किया चुनाव लड़ने से इनकार



भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा नेता पवन सिंह ने आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। उन्होंने इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संदेश भेजा है। अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट लिखते हुए पवन सिंह ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया लेकिन किसी कारण वश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

### कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक जल्द

# भाजपा में दो लोग बांटते हैं टिकट, हमारी प्रक्रिया लंबी

एजेंसी | ग्वालियर

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा है कि अगले 5-6 दिन में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो जाएगी और उसके बाद सूची जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया लगभग दो महीने से चल रही है। हम गांव-गांव जाकर ब्लॉकों और कार्यकर्ताओं से नाम ले रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा में सिर्फ पीएम मोदी और गृहमंत्री टिकट बांटते हैं, जो टिकट नहीं मांग रहा है उसको तब पता पड़ता है तब उसका टिकट घोषित हो जाता है। कांग्रेस की बड़े नेताओं के चुनाव लड़ने पर सिंह ने कहा है कि अभी मैं नाम नहीं रख सकता हूं, लेकिन उसमें हमारे वरिष्ठ नेता, महिला और युवा सब होंगे। उन्हें टिकट दिया जाएगा।



### छिंदवाड़ा सीट कमलनाथ परिवार की

छिंदवाड़ा से भाजपा द्वारा टिकट होल्ड करने पर कहा कि भाजपा ने अगर टिकट होल्ड पर रखा है तो वही जाने। छिंदवाड़ा सीट हम 40 साल से जीत रहे हैं और आगे भी जीतते रहेंगे। यह कमलनाथ की यह सीट रही है और उनका परिवार ही वहां से लड़ेगा।

### चुनावी रणनीति: पीएम मोदी का आज से शुरू होगा अभियान, 13 तक रहेगा जारी

# 10 दिन...12 राज्य...लाखों करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की देंगे सौगाात

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव तिथियों की अभी घोषणा होना शेष है, लेकिन भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू कर दी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राज्यों का दौरा कर रहे हैं, जहां वे विभिन्न राज्यों में लाखों करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहे हैं। पीएम मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे देश के अलग अलग हिस्सों में 29 कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। पीएम मोदी के 12 मार्च को राजस्थान के पोखरण आने का कार्यक्रम है।



### इन राज्यों का दौरा है प्रस्तावित

प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम अरुणचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान का दौरा करेंगे। इसके अलावा वे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### तेलंगाना से होगी तूफानी दौरों की शुरुआत

पीएम मोदी सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का लोकर्पण करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री आदिलाबाद में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 5 मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में भी कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। तेलंगाना के बाद प्रधानमंत्री तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। पीएम चेन्नई में भी रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम का ओडिशा की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम है। वे चंडीखोल व जाजपुर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वह चांदीखोल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। ओडिशा के बाद प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल दौरे पर रवाना हो जाएंगे। छह मार्च को पीएम मोदी कोलकाता में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। बारासात में जनसभा को संबोधित करने की योजना है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के बाद पीएम मोदी बिहार जाएंगे। पीएम मोदी बेतिया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

### पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में होंगे शामिल

बिहार के बाद प्रधानमंत्री 7 मार्च को जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। इसी दिन शाम को दिल्ली लौटने की योजना है। एक मीडिया कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी राष्ट्रीय राजधानी में पहले राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में भाग लेंगे। 8 मार्च की शाम वे असम रवाना होंगे। प्रधानमंत्री मोदी असम के जोरहाट में प्रसिद्ध अहोम सेना कमांडर लाचित बोरफुकन की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा जोरहाट में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

### पूर्वोत्तर के बाद यूपी और दिल्ली को देंगे सौगात

असम के बाद पीएम मोदी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग में सेला सुरंग का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी राजधानी ईटानगर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी पश्चिम बंगाल का भी दौरा करेंगे। सिलीगुड़ी में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। अधिकारियों के मुताबिक 10 मार्च को पीएम मोदी उत्तर प्रदेश में होंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ में विभिन्न परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 11 मार्च को पीएम मोदी दिल्ली में 'नमो ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' कार्यक्रम से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन करेंगे।

## जरूरी खबर

### जज अभिजीत देंगे इस्तीफा, राजनीति में कदम संभव



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश और शिक्षक भर्ती घोटाला सहित कई मामलों में अहम फैसला देने वाले न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय मंगलवार को इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके बाद वह 'बड़े मैदान' में जाने वाले हैं। अगर राजनीति में मौका मिलेगा तो वे राजनीतिक क्षेत्र में जा सकते हैं। उन्होंने रविवार को कहा, सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में उनका आखिरी दिन होगा। वह सोमवार को अपने हाथ में आए मामलों को जारी करेंगे। इसके बाद वह मंगलवार को राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेजेंगे। एक सवाल के जवाब में न्यायाधीश गांगुली ने राजनीति की तरफ जाने का इशारा किया।

### मणिपुर: हथियार लूट मामले में आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। सीबीआई ने गुवाहाटी में कामरूप में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन उर्फ थपकपा, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत उर्फ किशोरजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा उर्फ माइकल, कोंथौजम रोमोजीत मेइती उर्फ रोमोजीत और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

### NDRF: मृतकों की सही पहचान का मिलेगा प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** एनडीआरएफ बचावकर्मियों और श्वानदल को मृतकों की सही पहचान करने और उनकी गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने बताया कि बचावकर्मी मृतकों की पहचान, फारेंसिक और कुत्तों के प्रशिक्षण पर काम कर रहा है।? महानिदेशक ने कहा कि मृतक प्रबंधन पर एनडीआरएफ के मौजूदा माड्यूल में एक नया 'मृतक पहचान' अध्याय जोड़ा गया है, जो कर्मियों को बुनियादी पाठ्यक्रम के रूप में प्रदान किया जाता है। इस माड्यूल के हिस्से के रूप में एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि दुर्घटनाओं और आपदाओं के दौरान शवों को कैसे निकाला जाए और उन्हें सम्मानजनक तरीके से रखा जाए।

## हज गाइड 2024 जारी, मोबाइल ऐप भी लॉन्च




*नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को हज दिशानिर्देश -2024 जारी किया। इस दौरान उन्होंने हज सुविधा मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। ईरानी ने कहा कि हाजियों के लिए सुविधाएं सिर्फ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। सरकार ने इसके लिए कई विभागों से समन्वय किया है।उन्होंने बताया कि पिछले साल महिला हाजियों की संख्या 4,300 थी, जो इस वर्ष 5160 को पार कर गई है।*

### नौसेना के जहाज से छह दिन से नौसैनिक लापता

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना के जहाज से एक नौसैनिक 27 फरवरी से लापता है। नौसैनिक की पहचान सी मैन II रैंक के साहिल वर्मा के रूप में की गई है। 19 साल के साहिल जम्मू के रहने वाले हैं। वे 2022 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान ने शनिवार को घटना की जानकारी दी। नौसेना ने बताया कि साहिल की तलाश के लिए जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। नौसेना ने नौसेना बोर्ड ऑफ इंक्वायरी को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साहिल जिस शिप से लापता हुए हैं, वह 25 फरवरी को कोच्चि से रवाना हुआ था।


साहिल को आखिरी बार 25 फरवरी को शिप पर देखा गया था। उनके लापता होने की परिस्थितियां अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। साहिल के लापता होने की जानकारी उनके परिवार को 29 फरवरी को दी गई। साहिल के पिता सुभाष चंद्र ने बताया- हमें 29 फरवरी को शिप कैप्टन का फोन आया था।

## चीन, दक्षिण कोरिया व ताइवान का दबदबा खत्म करने की तैयारी

# पांच साल में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की बड़ी ताकत बनेगा भारत

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए माइक्रोचिप के विनिर्माण संयंत्र (फैब) और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वैष्णव ने कहा कि भारत ने अच्छी तरह नीतियां तैयार की हैं, जो विनिर्माताओं को नए सेमीकंडक्टर



विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए आकर्षित कर रही हैं। वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एक अनिवार्य हिस्सा है और इसका ऑटोमोबाइल से लेकर कंप्यूटर-मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी इस्तेमाल किया जाता है। भारत में पहले से ही रेनॉल्ट-निसान से लेकर हुंडई तक की ऑटोमोबाइल कंपनियों की फैक्ट्रियां हैं।

### चीन से अलग करना चाहता है भारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला को

वैष्णव ने कहा कि देश में पहले ही दुनिया की डिजाइन प्रतिभा का करीब एक तिहाई हिस्सा मौजूद है। प्रस्तावित फैब और तीन एटीएमपी इकाइयों के साथ भारत के पास अब सेमीकंडक्टर श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार अमेरिका की तकनीकी महत्वकांक्षाओं में भागीदार बनने के लिए इसका और भारत की भू-राजनीतिक ताकत का लाभ उठा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अन्य पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं की तरह चीन से अपनी आपूर्ति श्रृंखला को अलग करना चाहती है।

### कोरोना में बाधित हो गई थी वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की आपूर्ति

कोरोना के समय बीजिंग के सख्त लॉकडाउन ने वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति को बाधित कर दिया था और कंपनियों ने इसके उत्पादन के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों की तलाश शुरू कर दी थी। भारत खुद को चीन के एक ऐसे वैकल्पिक तकनीकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है, जो लोकतांत्रिक और विश्वसनीय है।

## आपत्तिजनक कंटेंट का प्रसारण

# NCPCR की दोषी ऐप पर कार्रवाई की मांग

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने उन ऐप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है जिन पर आपत्तिजनक कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है।

एनसीपीसीआर ने यह कदम एक शिकायत के बाद उठाया है जिसमें इन ऐप के माध्यम से प्रसारित आपत्तिजनक कंटेंट और इन कंटेंट की बच्चों तक पहुंच को लेकर चिताएं जताई गई हैं।

केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को लिखे पत्र में एनसीपीसीआर ने लिखा है कि इन ऐप पर स्कूली बच्चों से जुड़े यौन संबंधों के परेशान करने वाले कंटेंट प्रसारित करने का भी आरोप है। साक्ष्य के रूप में स्क्रीनशॉट भी साझा किया गया है।

आरोप है कि ऐप ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) या आयु-सत्यापन प्रणाली से जुड़े नियमों का पालन भी नहीं किया गया है।

### अश्लील कंटेंट प्रसारण पोक्सो कानून का उल्लंघन, इसलिए कार्रवाई जरूरी

यह यौन अपराधों से बच्चों को बचाने के लिए बने कानून पोक्सो की धारा 11 का उल्लंघन है। एनसीपीसीआर ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीपीसीआर) कानून की धारा 13 के तहत मामले की पूरी तरह से जांच करने और अश्लील कंटेंट प्रसारित करने वाले ऐप और प्लेटफार्मों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## न्यायालय ने आरोपियों को किया बरी, कहा...

# ब्रेकअप के बाद आत्महत्या करना नहीं होता है उकसावे का मामला

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र की एक अदालत ने कहा है कि ब्रेकअप के बाद आत्महत्या करने का मामला आत्महत्या के लिए उकसावे का केस नहीं माना जा सकता। जस्टिस एनपी मेहता ने 29 फरवरी को पारित फैसले में मनीषा चुडासमा और उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। अदालत ने कहा कि किसी की इच्छा और पसंद के



अनुसार पार्टनर बदलना 'नैतिक रूप से गलत' है। हालांकि, रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए देश के दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एनपी मेहता ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 के तहत यह आत्महत्या के लिए उकसावे का मामला नहीं है। इस धारा के तहत आरोप सिद्ध करने के लिए आरोपी के खिलाफ मौत को गले लगाने के लिए आरोपी की ओर से सक्रिय सुझाव, उकसाना या प्रोत्साहन का सबूत मिलना चाहिए। नैतिक रूप से किसी की मर्जी से प्रेमी/पार्टनर बदलना गलत है।

### मालदीव ने जब्त की भारतीय नौका

**नई दिल्ली/ माले।** मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल ने मालदीव विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंदर अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक भारतीय मछली पकड़ने वाली नाव को पकड़ा है। मालदीव के मीडिया अधाधु ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इस नाव को शनिवार को हा अलिफ केला द्वीप के पूर्व में मालदीव के आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) से 13 मील अंदर पकड़ा गया था। भारत की तरफ से इस घटना पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के जल क्षेत्र में किसी भारतीय नौका के पकड़े जाने की घटना को दुर्लभ माना जाता है।

## दवाओं लिए ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन




*नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को नई दिल्ली में एक समारोह में थोक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना-पीएलआई के तहत ग्रीनफील्ड परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके तहत कुल 51 संयंत्रों का उद्घाटन किया गया, जिनमें से 22 थोक दवाओं के लिए हैं और 39 विभिन्न प्रकार के चिकित्सा उपकरणों के निर्माण से संबंधित हैं।*

## समुद्री सुरक्षा होगी कड़ी

# महाराष्ट्र और गोवा तट पर ड्रोन से निगरानी की तैयारी

एजेंसी | मुंबई

समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ड्रोन की तैनाती हो सकती है। समुद्री निगरानी के लिए सुरक्षा एजेंसियां मुंबई और गोवा के तटीय क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी प्रणाली को क्रियान्वित करने की योजना पर काम कर रही हैं।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि महाराष्ट्र की 652.6 किलोमीटर लंबी तटरेखा और गोवा की 101 किमी लंबी तटरेखा पर निगरानी के लिए लंबी दूरी के ड्रोन की तैनाती जरूरी है। अधिकारियों ने पड़ोसी देशों विशेषकर पाकिस्तान से संभावित खतरों के मद्देनजर ऐसे ड्रोन की



जरूरत पर जोर दिया है जो लंबी दूरी तक रात्रि में भी निगरानी करने की क्षमता से लैस हों। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि हाई रिजाल्यूशन वाले कैमरों और सेंसर से लैस ड्रोन जहाजों और तटीय क्षेत्रों की फोटो खींचकर और वीडियो बनाकर सटीकता के साथ समुद्री निगरानी में मदद कर सकते हैं। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमलों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने तटीय निगरानी के लिए जल्द से जल्द कदम उठाने की जरूरत जताई। इस हमले में 166 लोग मारे गए थे।

### हाल ही कुवैत से तीन लोग गेटवे ऑफ इंडिया पहंचे गए थे, इसलिए पड़ी जरूरत

अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में कुवैत से तीन लोगों के 'गेटवे आफ इंडिया' पहुंचने की घटना के मद्देनजर ड्रोनों से निगरानी पर विचार किया गया है। ज्ञात रहे कि इस घटना से तटीय सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियां उजागर हुई हैं। अपने नियोक्ता पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाते हुए तीन लोग -नीत्सो दिट्टो (31), विजय विनय एंथनी (29) और जेएस अनीश (29) एक नौका से भारतीय समुद्री क्षेत्र में घुसे थे। अधिकारियों के समक्ष उनके आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें पासपोर्ट नियमों का उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया गया।

### कर दिया था जीपीएस बंद

अधिकारियों ने कहा कि उनके 'ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम' (जीपीएस) के फोरेंसिक विश्लेषण में पता चला कि तीनों ने जीपीएस उपकरण को बंद किया था। हालांकि, तीनों का दावा किया कि उन्होंने बैटरी बचाने के लिए उपकरण को बंद किया था। इस घटना के मद्देनजर अधिकारियों ने देश की समुद्री सीमाओं पर निगरानी बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन का उपयोग किए जाने की हिमायत की है।

## स्पेनिश महिला से दुष्कर्म का मामला

# एसआईटी करेगी जांच तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी | झारखंड

झारखंड के दुमका में स्पेनिश महिला के साथ हुए सनसनीखेज गैंगरेप केस में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने तीनों को फर्स्ट क्लास जुडिशल मजिस्ट्रेट सार्थक शर्मा के कोर्ट में पेश किया. जज ने सुनवाई के बाद तीनों को ज्यूडिशियल कस्टडी में दुमका सेंट्रल जेल भेज दिया। दूसरी तरफ विदेशी दंपति को भी कोर्ट में पेश किया गया। वहां उनके बयान दर्ज किए गए। इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस ने एक एसआईटी का गठन किया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के मकसद से रांची से एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। वहां से पीड़िता की घड़ी बरामद की गई है। सीआईडी टीम भी इस केस की जांच में जुटी है। दुमका के एसपी पीतांबर सिंह खैरवार ने कहा कि घटना में 7 आरोपी शामिल थे, जिसमें तीन की पकड़े गए है।

**महिला आयोग ने लिया संज्ञान :** स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में रविवार को राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया। देर शाम को आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पीड़ित महिला और उसके पति से मुलाकात की।

### 100 से अधिक महिला कार ड्राइवर्स ने जयपुराइट्स को दिए संदेश

# कार रैली में झलका महिलाओं का उत्साह, फूलों की होली रही खास

**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी की सड़कें दर्जनों सजी-धजी कारों से खुशगवार दिखाई दीं। कारों पर कई संदेश भी लगाए गए थे, जो जयपुराइट्स को प्रभावित कर गए। जब नजर उनके ड्राइविंग सीट पर पड़ी तो पाया कि इन कारों में महिलाएं ही सवार थीं, जिन्होंने सबको प्रभावित किया। ये अनूठा नजारा था पिंक वुमनिया क्लब व महिंद्रा राइज एक्सयूवी 400 की ओर से जयपुर में निकाली गई कार रैली का, जिसमें महिलाओं का उत्साह चरम पर रहा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्वरूपों में सजी-धजी कारों पर सवार, संगीत की धुनों पर झूमती हुई महिलाओं ने शहर की सड़कों पर जोश दिखाने के साथ ही महिला स्वास्थ्य जागरुकता का संदेश दिया।



फोटो: पंकज शर्मा



**मोदी के रोड शो की दिखी झलक**

रैली में पीएम नरेंद्र मोदी के जयपुर रोड़ शो की थीम पर कार डिजाइन कर शामिल की गई थी, जिसमें प्रीति मल्होत्रा ने नरेंद्र मोदी, पूजा मक्कड़ ने बाबा रामदेव, सुनीता आलमचंदानी ने सीएम भजनलाल शर्मा और रश्मि धारवाल ने डिप्टी सीएम दीया कुमारी का रूप धारण किया। इससे सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

### पूरे शहर में दिया संदेश

क्लब की फाउंडर कनु मेहता ने बताया कि वुमंस कार रैली जवाहर सर्किल के पास से प्रारंभ होकर बीटू बायपास, सांगानेर, टोंक रोड, प्रताप नगर होते हुए सीतापुरा स्थित मयूर स्कूल पहुंचकर संपन्न हुई।

### टॉक शो और फूलों की होली

ज्वॉइन द मिशन फॉर विमेंस हैल्थ एंड एंपावरमेंट थीम पर डॉक्टर्स का टॉक शो हुआ। इसके बाद फूलों की होली, ग्रुप व सोलो डांस और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण आदि कार्यक्रम हुए। इस दौरान एंकर ने महिलाओं को खू झुमाया।

### सशक्त महिलाओं से ही राष्ट्र मजबूत बनेगा

क्लब फाउंडर कनु मेहता के संयोजन में निकाली गई रैली को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, महिंद्रा ग्रुप से निखित, जीविया आईवीएफ से रिचा, मणिपाल हॉस्पिटल से रमेश धर्माणी, मोतीसंस ज्वैलर्स से प्रखर, मयूर स्कूल से नमन कंदोई, शिवा ऑर्गेनिक से अधीर और मनीषा अग्रवाल, लोक कलाकार सीमा राठौड़ सहित उपस्थित जनों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि सशक्त और स्वस्थ महिलाओं से ही राष्ट्र मजबूत बनेगा और कार रैली से जागरूकता का संदेश देश व प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक होगा।

## डॉ. रमेश चंद अध्यक्ष निर्वाचित



**बेधड़क. जयपुर।** बजाज नगर स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के बहुउद्देशीय भवन में रविवार को केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य अतिथि निवाई विधायक राम सहाय वर्मा, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख पर्यावरणिद प्रदीप कुमार चौपड़ा और अधिवेशन की अध्यक्षता संगठन के अखिल भारतीय महासचिव अनिल कुमार डेला ने की। मुख्य अतिथि विधायक राम सहाय वर्मा रहे। महासचिव अनिल कुमार डेला ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। संगठन के संस्थापक प्रियव्रत छिकारा ने संगठन की अब तक की उपलब्धियां बताईं। केंद्रीय विद्यालय संगठन के सेवानिवृत सहायक आयुक्त ओमवीर सिंह चुनाव अधिकारी और केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 7 के प्राचार्य निशिकांत अग्रवाल पर्यवेक्षक के रूप में थे। उनकी देखरेख में प्रदेश के संगठन महासचिव और अध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन किया गया जिसमें डॉक्टर रमेश चंद जाट को अध्यक्ष और राजीव नैन को महासचिव के रूप में निर्वाचित किया गया। अधिवेशन में पर्यवेक्षक निशिकांत अग्रवाल, चुनाव अधिकारी ओमवीर सिंह, प्रियव्रत छिकारा ने विचार रखे।

## सप्तशती के मंत्रों से दी आहुतियां



**बेधड़क. जयपुर।** वैशाली नगर विस्तार गांधी पथ लालरपुरा में विश्व कल्याण की कामना से आयोजित 10 दिवसीय शत चंडी अनुष्ठान की रविवार को पूर्णाहुति हुई। इस मौके पर दुर्गा उपासक आचार्य पंडित बाबू लाल शर्मा के नेतृत्व मे दुर्गा हवन किया गया। इसमे सप्तशती के मंत्रों से 700 आहुतियां लगाई गई। वहीं, 70 आहुतियां विशेष प्रकार की ओशिडियो से लगाई गई। इस दौरान मां जगदंबा से विश्व कल्याण के लिए कामना की गई। यज्ञ के अंत में भगवान भैरव देव की आहुतियां लगाई गई। यज्ञ से पूर्व स्थापित देवताओं की वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजा अर्चना की गई। पंडित शोभित शर्मा ने माता को स्तुति से रिझाया। आचार्य बाबूलाल शर्मा ने बताया कि आयोजन में 9 दिनों तक वैदिक विद्वानों ने दुर्गा सप्तशती के पाठ किए। इसमें पंडित दिनेश शर्मा, पंडित सत्यनारायण शर्मा, पंडित अभिषेक शर्मा, पंडित उदय कांत शर्मा, पंडित विष्णु शर्मा, पंडित गणेश शर्मा, पंडित कुलदीप शर्मा, पंडित सुशील शर्मा एवं पंडित सुनील शर्मा शामिल रहे।

## City इवेंट्स

### जयपुर में बॉलीवुड कलाकारों का रोमांच



बेधड़क, जयपुर। रंग बचपन के तहत लकी गुप्ता के नाटक 'मां मुझे टैगोर बना दे' में उन्होंने छोटे बच्चों के सामने प्रस्तुति दी और बच्चों ने रोमांचपूर्ण तरीके से नई चीजों को सीखा। इसके बाद हिमानी शिवपुरी और राजेंद्र गुप्ता के साथ सेशन हुआ, जिसमें कई किस्से सामने आए। उन्होंने बताया कि किस तरह कई फिल्में करने के बाद भी थिएटर से जुड़ाव कम नहीं हुआ। थिएटर आज भी उनके मन में बसता है। उन्होंने थिएटर से लगाव को साझा किया। हिमानी शिवपुरी ने बताया कि आज भी मुंबई यूनिवर्सिटी में थिएटर की क्लासेस लेती हैं और अपने घर उत्तराखंड में भी वो बच्चों को थिएटर के लिए प्रोत्साहित करती है।

### मोहन कॉलोनी में टाइल्स कार्य शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** वार्ड 143 मोहन कॉलोनी में टाइल्स कार्य का शुभारंभ किया गया। नटवर कुमावत ने बताया कि वार्ड 143 चित्रांश स्कूल के पास मोहन कॉलोनी में फुटपाथ पर नगर निगम ग्रेटर के द्वारा टाइल्स लगाई जा रही है, जिसका शुभारंभ विधायक सराफ ने किया। इस अवसर पर मोहन कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष राजेश झाझड़िया, मंडल उपाध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत, वार्ड अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, संजय शर्मा, गोपीचंद, हंसराज कुमावत, विजय कुमार सोनी, राजकुमार टोंगावट व अन्य लोग उपस्थित थे।

### आज आएगा पंजाबी फिल्म मजनू का ट्रेलर




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थानी फिल्म प्रोड्यूसर तिलोक कोठारी पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उनके द्वारा प्रोड्यूस की गई अपकमिंग पंजाबी फिल्म मजनू का ट्रेलर सोमवार को रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शालीमार प्रोडक्शन लिमिटेड प्रस्तुत इस मूवी का डायरेक्शन सुजाद इकबाल खान ने किया है।

### चेटीचंड सिंधी मेला समिति ने वाहन रैली निकाली

## चेटीचंड कार्यक्रमों की सफलता के लिए विघ्नहर्ता को मोदक अर्पित



**बेधड़क | जयपुर**

चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर के तत्वावधान में चेटीचंड कार्यक्रमों के तहत प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश पूजन का कार्यक्रम हुआ। समिति अध्यक्ष अशोक सेवानी ने बताया कि रविवार को गणेश मंदिर में विघ्नहर्ता को मोदक, पुष्प और दुर्वा अर्पित कर चेटीचंड कार्यक्रमों की सफलता की प्रार्थना की गई। गजानन महाराज को सिंधी शहनाई और ढोल पर डांडिए खड़का कर रिझाया गया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप पारवानी ने बताया कि विनायक पूजन के बाद वाहन रैली द्वारा मालवीय नगर सेक्टर 2 स्थित श्रीझूलेलाल मंदिर पहुंचे। वहां वरुणावतार श्रीझूलेलाल का पूजन हुआ। जल और ज्योति की आराधना हुई। सभी ने आंचल फैला कर पल्लव प्रार्थना से चेटीचंड कार्यक्रमों की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में गोविंद रामनानी, मोहन नानकानी, कन्हैया लाल लखवानी, हरीश असरानी, हितेश आडवाणी, कपिल पंजवानी, प्रदीप मेठवानी, ललित राजू, किशन गुरबाणी, भरत दुलानी, अर्जुन सचदेव, देवानंद कोरजानी, राकेश कृपलानी, निहाल चंद, नारायण दास, मातृ शक्ति सहित सैंकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे। सभी ने भक्ति भाव दर्शाते हुए छोटी काशी को सरोबार किया। हर उम्र के लोग कार्यक्रम में शामिल रहे, जिन्होंने जयकारे लगाते हुए सभी को सौहार्द दर्शाया।

### 49वीं रोज प्रदर्शनी का आयोजन

## गुलाब की 500 किस्मों से महक उठा मानसरोवर का सिटी पार्क



**बेधड़क | जयपुर**

रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में 49वीं गुलाब प्रदर्शनी में 500 से अधिक विभिन्न श्रेणियां के गुलाबों को प्रदर्शित किया गया। राजस्थान आवासन मंडल, जेडीए नगर निगम ग्रेटर व हेरिटेज की ओर से यह आयोजन किया गया। गौरतलब है कि गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 1974 से किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रिंस ऑफ द शो का पुरस्कार होटल रामबाग पैलेस व द्वितीय पुरस्कार रामलाल को दिया गया। इसी प्रकार किंग ऑफ द शो जेडीए जयपुर क्वीन ऑफ द शो पीडी उदयपुर को दिया गया।

प्रदर्शनी 7 ग्रुपों में भर्ती गई, जिसमें विभिन्न श्रेणियां के 250 पुरस्कार सहित रोज लवर को लुभाने के लिए गार्डनिंग हॉबी को प्रोत्साहित कर बागवानी के बारे में जानकारी दी गई। पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मुख्य सचिव अरुण कुमार, आईसीसी श्रीवास्तव, पवन अरोड़ा, कलाकार रंजना चौधरी, अमित अग्रवाल व बीएल स्वामी ने विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर जयपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों के 400 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा ऑन सपोर्ट पेंटिंग कॉम्पीटिशन में भाग लिया। इस अवसर पर 43 ट्रॉफियां व 250 पुरस्कारों का वितरण किया गया।

**भागवत कथा** | श्री साईंनाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में आयोजन

## हाथी-घोड़ों के साथ शोभायात्रा, 501 महिलाएं हुईं शामिल

**बेधड़क | जयपुर**

श्री साईंनाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत सप्ताह परायण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलशयात्रा से हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। भागवत कथा का वाचन 9 मार्च तक रोजाना शाम 4 से 8 बजे तक होगा। कथा आयोजक घनश्याम चंदलानी ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ श्री राम मंदिर आदर्श नगर से कलशयात्रा से हुआ। हाथी, घोड़े व बग्गियों के साथ यात्रा को श्रीअमरापुर के संत श्रीमोनू राम महाराज ने हरी झंडी दिखाकर किया।



### 'छोटी-छोटी गैया-छोटे-छोटे ग्वाल'

इस अवसर पर पूर्व विधायक व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, मेयर मुनेश गुर्जर, महेश कलवानी, सुरेश नावरिया, श्याम सुंदर सैनी, किशोर मोतियानी, इंद्राज नैनीवाल, महेंद्र पहाड़िया, सुनील दत्ता, भानु प्रताप उपस्थित रहे। यात्रा में 501 महिलाएं लाल रंग के परिधान में सिर पर मांगलिक कलश लेकर चल रही थी। छोटी-छोटी गइया-छोटे-छोटे ग्वाल... बोलो श्याम प्रभु की जय बोलो... जैसे भजन गाते रहे।

### भागवत सभी सुखों की जननी

यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल राजापार्क सिंधी कॉलोनी स्थित स्वामी सर्वानंद पार्क स्थित साईं महल पहुंची। वहां व्यासपीठ से स्वामी दयानंद सरस्वती ने श्रद्धालुओं को भागवत का महात्य पर बोलते हुए कहा कि भागवत सभी सुखों की जननी है, जिसका श्रवण करने मात्र से जीवन धन्य व सुखद हो जाता है। उन्होंने बताया, कि कथा प्रसंग के तहत 4 को सती अनुसूया चरित्र, 5 को प्रहलाद चरित्र, 6 को नंदोत्सव, 7 को गोवर्धन पूजा, 8 को रुक्मणि विवाह प्रसंग के साथ 9 मार्च को परीक्षित मोक्ष की कथा के पूर्णाहुति होगी।

गुणवत्ता कोई आकस्मिक कार्य नहीं है,
यह एक आदत है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## पाकिस्तान पर आसमानी कहर: सबसे ज्यादा खैबर पख्तूनख्वा को नुकसान

# बारिश-तूफान में 37 लोगों की मौत



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान बेमौसम बारिश और तूफान का कहर जारी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 48 घंटों में पूरे बारिश से जुड़ी घटनाओं में 37 लोगों की जान चली गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। बारिश के कारण कई जगहों घर ढह गए। जगह-जगह भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं। आपदा में सबसे ज्यादा उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत प्रभावित है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि गुरुवार रात से अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं। पिछले 48 घंटों में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर, स्वात, निचले दीर, मलकंद, खैबर, पेशावर, उत्तर, दक्षिण वजीरिस्तान और लक्की मारवात सहित दस जिलों में हुई मूसलाधार बारिश में 37 लोग घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री केपीके अली अमीन गंडापुर ने कहा कि बारिश से प्रभावित लोगों को इस मुसीबत की घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और उनके नुकसान के लिए उचित मुआवजा दिया जाएगा।



### 2022 में हुई थी भीषण तबाही

पाकिस्तान में इस साल मौसम में बदलाव देखा गया। सर्दियों के दौरान नवंबर में बारिश होती थी, लेकिन इस बार फरवरी में शुरू हुई। पाकिस्तान में हर साल मानसून के साथ-साथ सर्दियों की बारिश से भी नुकसान होता है। 2022 में बारिश और बाढ़ ने पाकिस्तान के कई हिस्सों को तबाह कर दिया था। इसमें 1,800 से अधिक लोग मारे गए। लगभग 33 मिलियन प्रभावित हुए। लगभग आठ मिलियन लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। इस आपदा से अरबों डॉलर का नुकसान भी हुआ।

### बलूचिस्तान के ग्वादर में पांच मरे

दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ के कारण तटीय शहर ग्वादर में पानी भर जाने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जिससे अधिकारियों को लोगों को निकालने के लिए नावों का इस्तेमाल करना पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, पिछले दो दिनों में ग्वादर में भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जिससे सैकड़ों लोग बेघर हो गए। उन्हें पलायन करना पड़ा है। बाढ़ का पानी घरों में घुसने से कई बस्तियां और व्यावसायिक प्रतिष्ठान ढह गए, जबकि सड़कें बुरी तरह प्रभावित हुईं। इससे यातायात पर भी असर पड़ा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी हताहतों और क्षति की सूचना मिली है और क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हो गई है। एनडीएमए के एक प्रवक्ता ने कहा कि राजमार्गों को अवरुद्ध करने वाले मलबे को हटाने के लिए आपातकालीन राहत और भारी मशीनरी को क्षेत्र में भेजा गया है। उत्तरी गिलगित बाल्टिस्तान क्षेत्र के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक के अनुसार, पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला काराकोरम राजमार्ग बारिश और बर्फ के कारण हुए भूस्खलन के कारण कुछ स्थानों पर बंद है।

## नेशनल एसेंबली में इमरान खान की पार्टी ने जमकर किया हंगामा

# शहबाज शरीफ चुने गए पाक के 24वें प्रधानमंत्री

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

आखिरकार पाकिस्तान को नया प्रधानमंत्री मिल गया। रविवार को पाकिस्तान नेशनल असेंबली ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज के नेता शहबाज शरीफ को देश का 24वां निर्वाचित प्रधानमंत्री चुना। जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार उमर अयूब खान को महज 92 वोट मिले। इस दौरान चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए पीटीआई और एसआईसी नेताओं एसेंबली में जमकर हंगामा किया।

असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का अगला पीएम चुने जाने की घोषणा की। उन्हें 201 वोट मिले थे, जबकि उमर अयूब खान को महज 92 वोट मिले। सत्र की अध्यक्षता सरदार अयाज सादिक कर रहे थे। सत्र की शुरुआत पीएमएल-एन नेता जाम कमाल के शपथ ग्रहण के साथ हुई। हालांकि विरोधी दल नारेबाजी करने लगे। इसके बाद सादिक ने विधानसभा कर्मचारियों से पांच मिनट के लिए घंटी बजाने को कहा, ताकि कोई भी सदस्य जो सदन में मौजूद नहीं है वह पीएम के चुनाव के लिए सदन में आ सके। घंटियां बजने के बाद सादिक ने नेशनल असेंबली के कर्मचारियों को दरवाजे बंद करने का निर्देश दिया और पीएम चुनने की प्रक्रिया का ऐलान किया।



### लगातार दूसरी बार बने पाक के पीएम

अगस्त 2023 में अपनी सरकार का कार्यकाल पूरा होने पर शाहबाज शरीफ ने दावा किया था कि उन्होंने पाकिस्तान को डिफॉल्ट से बचाया। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों में उन्हें अर्थव्यवस्था मिली। उन्होंने 16 महीनों में जितना संभव हो सके उतना प्रयास किया है। अब एक बार फिर चुनाव के नतीजों और नई नेशनल असेंबली के गठन के बाद उन्हें दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री चुना गया है।

### शरीफ का सियासी सफर

पूर्व पीएम नवाज शरीफ के छोटे भाई शाहबाज शरीफ का जन्म 1950 में लाहौर में हुआ था। शरीफ को 1985 में लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष भी चुना गया था। शाहबाज शरीफ पहली बार 1988 में पंजाब विधानसभा पहुंचे। 1997 में वह तीसरी बार पंजाब विधानसभा के सदस्य के रूप में चुने गए और प्रांत के मुख्यमंत्री बने।

**तीन बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शहबाज शरीफ:** 1999 में सैन्य तख्तापलट के बाद उन्हें अपदस्थ कर दिया गया। 2008 में उन्होंने चौथी बार भक्कर से प्रांतीय विधानसभा सीट जीती और दूसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री बने। 2013 में वह एक बार फिर लाहौर से विधानसभा के सदस्य बने और तीसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री चुने गए। 2018 में अपने बड़े भाई नवाज शरीफ को सुप्रीम कोर्ट से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।

## अमेरिका के टेक्सास में भीषण आग

# जला 4,400 वर्ग किमी का इलाका

**एजेंसी** | स्टिन्नेट

अमेरिका के टेक्सास राज्य में अग्निशामकों को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग को पैनहैंडल शहर के बड़े हिस्से में फैलने से रोकने के लिए बढ़ते तापमान और तेज हवाओं जैसी कठिन मौसमी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। 'स्मोक हाउस क्रीक आग' को टेक्सास के इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग माना जा रहा है।

जंगल में आग बीते सोमवार को लगी, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे लगी। इसके बाद यह टेक्सास के कैनेडियन शहर के आसपास फैल गई। बुधवार तक आग पैनहैंडल में बड़े पैमाने पर खेतों तक फैल गई थी और गुरुवार तक यह राज्य की सबसे भीषण आग में तब्दील हो गई। आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे अग्निशामकों की टीम के प्रवक्ता जेसन नेडलो ने बताया कि दमकल कर्मियों का लक्ष्य उत्तरी और पूर्वी सीमा पर आग पर काबू पाना है क्योंकि दक्षिण-पश्चिम से चल रही तेज हवाओं से आग की लपटों के कई एकड़ जमीन में फैलने का खतरा है। आग लगने की इस घटना में दो लोगों की मौत हुई है।

### बड़ी संख्या में मारे गए मवेशी

भीषण आग से टेक्सास के पैनहैंडल में मैदान तबाह हो गए हैं। बड़ी संख्या में मवेशी मारे गए हैं, कई घर जल गए हैं और इस प्रकार से कुल 500 निर्माणस्थल नष्ट हुए हैं। 'टेक्सास ए एंड एम वन सेवा' ने कहा कि आग लगने की एक और घटना हुई और देखते ही देखते आग की लपटें ओक्लाहोमा सीमा को पार कर गई है। इस आग से 4,400 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र जल गया है। नेडलो ने कहा कि मौसम की जारी स्थिति से यह अनुमान लगाना अभी संभव नहीं है कि आग की लपटों पर पूरी तरह से कब नियंत्रण पाया जा सकेगा।



## मिनिकोय द्वीप पर आईएनएस जटायु बेस का उद्घाटन 6 मार्च को

# मालदीव की सीमा की निगरानी का दिया आदेश

**एजेंसी** | माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से लगती अपने देश की सीमा की चौबीसों घंटे निगरानी का आदेश दिया है। इसके लिए उन्होंने निगरानी प्रणाली को स्थापित करने के लिए काम शुरू करने का आदेश भी दे दिया है। उनका यह आदेश लक्षद्वीप के मिनिकोय द्वीप पर भारतीय नौसेना के बेस आईएनएस जटायु के उद्घाटन के कुछ दिनों पहले ही आया है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया है कि लक्षद्वीप के मिनिकोय द्वीप पर बने आईएनएस जटायु बेस का उद्घाटन 6 मार्च को किया जाएगा। इसे हिंद महासागर में भारत की बढ़ती रणनीतिक उपस्थिति के तौर पर देखा जा रहा है।

### मुइज्जू ने दिया आर्थिक विकास पर जोर

मुइज्जू ने कहा कि समुद्र का क्षेत्रफल मालदीव की पूरी भूमि से दोगुना बड़ा है। मालदीव अपने विशाल क्षेत्र के बावजूद अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र पर नियंत्रण नहीं रख पाया है। उन्होंने कहा कि हालांकि ईईजेड (एक्सक्लूसिव इकनॉमिक जोन) हमारे क्षेत्र का हिस्सा है, लेकिन हमारे पास क्षेत्र की निगरानी करने की क्षमता नहीं है। जबकि इस क्षेत्र का उपयोग मछली पकड़ने जैसी गतिविधियों में वृद्धि के माध्यम से अर्थव्यवस्था का विस्तार करने के लिए किया जा सकता है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl